


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



मां दुर्गा की पूजा का श्रेष्ठ समय है नवरात्र...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

बुधवार, 22 मार्च 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 10 अंक: 90 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## जयशंकर और वायु सेना के सचिव की मुलाकात, भारत–अमेरिका रक्षा सहयोग पर हुई बात

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को अमेरिकी वायु सेना सचिव फ्रैंक केंडल से मुलाकात की और वैश्विक रणनीतिक परिदृश्य और भारत–अमेरिका रक्षा सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। उनकी बैठक के बाद जयशंकर ने ट्वीट करते हुए कहा कि एक पुराने मित्र, वायु सेना के अमेरिकी सचिव फ्रैंक केंडल के साथ मिलकर अच्छा लगा। वैश्विक रणनीतिक परिदृश्य और भारत–अमेरिका रक्षा सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। विदेश मंत्री और वायु सेना के अमेरिकी सचिव के बीच बुधवार को हुई बैठक महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में एक भारतीय–अमेरिकी व्यक्ति को पहली बार वायु सेना के सहायक सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। यूनाइटेड स्टेट्स सीनेट ने बुधवार (स्थानीय समय)



को भारतीय मूल के रवि चौधरी को ऊर्जा, प्रतिष्ठान और पर्यावरण के लिए वायु सेना के सहायक सचिव के रूप में पुष्टि की है। मिनियापोलिस के मूल निवासी चौधरी के वोट जीतने के बाद, अमेरिकी सीनेटर एमी क्लोबुचर (डी–एमएन) ने एक बयान जारी किया जिसमें लिखा था, षमिनेसोटा में अप्रवासी माता–पिता के बेटे के रूप में बड़े होकर, डॉ. रवि चौधरी ने वायु सेना के पायलट के रूप में हमारे देश की सेवा करने का सपना देखा।

## सभापति की बैठक में नहीं पहुचे विपक्षी दल के नेता

### पीयूष गोयल बोले: विपक्ष ने पूरे सदन का किया अपमान

नई दिल्ली। लोकतंत्र को लेकर राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर भाजपा संसद में विपक्ष पर हमलावर है। तो वहीं विपक्षी दल अडानी मुद्दे को लेकर जेपीसी की लगातार मांग कर रहे हैं। यही कारण है कि संसद के दोनों सदनों में कामकाज नहीं हो पा रहा है। आज बजट सत्र के दूसरे चरण के सातवें दिन भी संसद में कोई कामकाज नहीं हो सका। इन सबके बीच केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने विपक्ष पर संस्था के अपमान का आरोप लगाया और कहा कि राज्यसभा के सभापति द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का कुछ प्रमुख दलों ने बहिष्कार किया है। पीयूष गोयल ने कहा कि सदन के सदस्य चिंतित हैं कि युवाओं में किस तरह का संदेश जा रहा है। मैं मानता हूं कि विपक्ष ने एक बार फिर सदन का अपमान किया है। उनके पास सुर्खियों में बने रहने का कोई और आधार नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सदन के सभापति ने बैठक बुलाई थी लेकिन विपक्ष के नेताओं ने इस बैठक का बहिष्कार कर दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जब सभापति ने आज संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए विवाद को सुलझाने की कोशिश की, तो फिर विपक्षी नेताओं ने सभापति का अपमान किया। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस के जयराम रमेश ने अध्यक्ष पर बेबुनियाद आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने सभापति से मिलने से इनकार कर दिया। हम इसकी निंदा करते हैं। संसद में यह एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार हर मामले को सुलझाने के लिए तैयार है पर विपक्ष ऐसा होने नहीं देना चाहता। पीयूष गोयल ने साफ तौर पर कहा कि इससे पता चलता है कि विपक्ष नहीं चाहता कि सदन चले और देश को गुमराह कर रहा है। मुझे विश्वास है कि आने वाले दिनों में देश कड़ा जवाब देगा। राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध को दूर करने के लिए सभापति जगदीप धनखड़ की ओर से मंगलवार को बुलाई गई विभिन्न दलों के नेताओं की बैठक का विपक्षी दलों ने बहिष्कार किया। धनखड़ ने विपक्षी सदस्यों के इस रवैये को ''अस्वास्थ्यकर और अनुचित'' बताया। सभापति ने कहा कि इसके बावजूद भाजपा, वाईएसआरसीपी और तेदेपा को छोड़कर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, आप, बीजद, राजद, माकपा, जदयू, अन्नाद्रमुक, राकांपा, सपा, शिवसेना, भाकपा, टीआरएस, अगप और अन्य दलों के नेता अनुपस्थित थे।





## अमृतपाल सिंह मामले में एनआईए की 9 टीमें पंजाब पहुंची, आईएसआई ने जॉर्जिया में दिया था हथियारों का प्रशिक्षण

नई दिल्ली। वारिस पंजाब दे के मुखिया अमृतपाल सिंह के खिलाफ जहां पंजाब पुलिस द्वारा बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है, वहीं अब खबर है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने ऑपरेशन अमृतपाल सिंह मामले में एंट्री ले ली है। मिली जानकारी के मुताबिक अमृतपाल मामले की जांच के सिलसिले में एनआईए की 9 टीमें जालंधर, तरनतारन, गुरदासपुर और अमृतसर पहुंच चुकी हैं। एनआईए अमृतपाल और उसकी ब्रिगेड के आईएसआई के साथ संबंधों की जांच कर रही है। वहीं वारिस पंजाब के संगठन के मुखिया अमृतपाल सिंह आज भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका हैं। पंजाब पुलिस पूरे राज्य में उसकी तलाश कर रही है। वहीं अमृतपाल सिंह के चाचा को पंजाब से असम की डिब्रूगढ़ सेंटर जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही आज दोपहर 12 बजे के बाद पंजाब के कुछ इलाकों में इंटरनेट शुरू हो जाएगा। उधर, खुफिया एजेंसियों की जांच में यह खुलासा हुआ है कि अमृतपाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने जार्जिया में हथियारों के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया था। पंजाब आने से पहले वह दुबई से जॉर्जिया गया था। उनकी आनंदपुर खालसा फोर्स (एकेएफ) बनाने की तैयारी भी इसी ट्रेनिंग का हिस्सा थी। पंजाब और देश का माहौल खराब करने के लिए उन्हें जॉर्जिया में पूरी ट्रेनिंग दी गई।



## Punjab के कानून व्यवस्था पर बोले केजरीवाल, हमारी किसी से सेटिंग नहीं, ईमानदारी से काम कर रही मान सरकार

चंडीगढ़। पंजाब वारिस दे प्रमुख अमृतपाल सिंह को लेकर पंजाब की कानून व्यवस्था पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। इन सब के बीच आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी पंजाब की कानून व्यवस्था पर बड़ी बात कही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पंजाब के कारण व्यवस्था काबू में है। पंजाब की भगवंत मान सरकार अच्छा काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ईमानदारी से काम कर रही है। हमारी किसी के साथ कोई सेटिंग नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि पहले गैंगस्टर को संरक्षण मिलता था। लेकिन आज हमारी सरकार उनके खिलाफ धरपकड़ तेज कर रही है। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब की कानून व्यवस्था खराब करने वालों को नहीं छोड़ेंगे। आप प्रमुख ने कहा कि माफिया और गैंगस्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की गई है। देश के खिलाफ कार्रवाई पर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों ने सरकार का सहयोग किया है। हम पंजाब की हर हाल में तरक्की चाहते हैं। हमारी किसी के साथ कोई भी सेटिंग नहीं है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 1 साल में कई नशा माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। शांति भंग करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए गए हैं। भगवंत मान के सरकार संयम से काम कर रही है। इससे पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अमृतपाल सिंह को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए साफ तौर पर कहा कि कहा कि उनकी सरकार पंजाब की शांति से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। भगवंत मान ने कहा कि पंजाब के लोग भाईचारे के लिए जाने जाते हैं लेकिन अगर कोई इसपर बुरी नजर डालता है तो पंजाबी ये बर्दाश्त नहीं करते। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कुछ तत्व ऐसे थे जो विदेशी ताकतों के हाथ चढ़कर पंजाब में माहौल खराब करने की, हेट स्पीच और कानून के खिलाफ बोल रहे थे। पंजाब सीएम ने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और ये पकड़े गए हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि पंजाब की शांति भंग करने की बात कोई सपने में भी नहीं सोच सकता। उन्होंने कहा कि मेरे खून का हर कतरा पंजाब के लिए है।





## केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ 29-30 मार्च को अबेडकर मूर्ति के सामने दूंगी धरना, ममता बोलीं- ठश्रच सिर्फ अडानी-चौकसी के लिए कर रही काम

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने अडानी को गिरफ्तार करने और एलआईसी, एसबीआई को बचाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विजय चौक पर प्रदर्शन किया। मेहुल चोकसी का नाम रेड कॉर्नर नोटिस लिस्ट से हटाने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सिर्फ कुछ लोग ये देश चला रहे हैं। अडानी और मेहुल चोकसी इनके परम मित्र हैं और बीजेपी सिर्फ इन लोगों के लिए काम कर रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि हमारे 100 दिन के काम का पैसा नहीं दिया गया, बजट में भी बंगाल को कुछ नहीं दिया गया इसलिए केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ मैं 29–30 मार्च को अंबेडकर मूर्ति के सामने धरना दूंगी। बता दें कि इंटरपोल ने भगोड़े मेहुल चोकसी के खिलाफ 2 अरब डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में हीरा कारोबारी के प्रतिनिधित्व के आधार पर अपना रेड नोटिस हटा दिया है। चोकसी को दिसंबर 2018 में इसके रेड नोटिस में जोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इंटरपोल की वांछित सूची से चोकसी का नाम हटाने का ष्जोरदार विरोधष किया, लेकिन वैश्विक नीति निकाय आश्वस्त नहीं था और प्रथम दृष्टया, उसके आरोप में विश्वास पाया कि भारतीय एजेंसियों ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया था।





## सरकार की आलोचना करना राष्ट्र की आलोचना नहीं, राहुल मांगेंगे माफी? खड़गे बोले– कोई सवाल ही नहीं

नई दिल्ली। लंदन में लोकतंत्र को दिए गए बयान पर राहुल गांधी के मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। भाजपा जबरदस्त तरीके से राहुल गांधी पर हमलावर है। राहुल गांधी से माफी की मांग की जा रही है। हालांकि, कांग्रेस की ओर से साफ तौर पर माफी मांगने से इनकार किया जा रहा है। राहुल गांधी ने भी खुद कहा है कि वह अपनी बात को लोकसभा में रखना चाहते हैं। इन सबके बीच एक बार फिर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से राहुल गांधी को लेकर सवाल पूछा गया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि माफी मांगने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। कड़गे ने कहा कि माफी मांगने का कोई सवाल नहीं है। वे पूछते रहेंगे, हम उसे नकारते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा मुद्दे से भटकाने के लिए ऐसा कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमारे हाई कमीशन पर हमले हो रहे हैं। उसके बारे में कोई बात नहीं कर रहा। वहीं, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का भी बयान सामने आया है। पवन खेड़ा ने भाजपा पर हमला करते हुए साफ तौर पर कहा कि सरकार की आलोचना करना राष्ट्र की आलोचना नहीं है। सरकार को यह समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहस लोकतंत्र को कमजोर नहीं करती बल्कि उसे मजबूत करती है। सरकार यह नाटक कर रही है क्योंकि वह विपक्ष के सवालों से बचने की कोशिश कर रही है। खेड़ा ने कहा कि उन्हें चिंता है कि राहुल गांधी फिर से पीएम से अडानी के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछ सकते हैं। अभी तक जेपीसी जांच नहीं हुई है, इसलिए इतना ड्रामा कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि जल्द ही उन्हें करारा जवाब मिलेगा। हम उनसे (भाजपा) यह भी सीख रहे हैं कि कैसे जवाब देना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को मौजूदा दौर का श्मीर जाफरश कहने वाले संबित पात्रा के बयान पर जल्द होगी कार्रवाई। राहुल से माफी की मांग को लेकर संसद में भी हंगामा हो रहा। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि संसद में कार्य संचालन करना सरकार का दायित्व है। कैबिनेट मंत्री और सांसद खड़े होकर नारे लगाते हैं और फिर सभापति को संसद को स्थगित करना पड़ता है।





## Unseasonal बारिश से रबी की खड़ी फसलों को नहीं पहुंचा अधिक नुकसान: तोमर



नयी दिल्ली। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को कहा कि जो आरंभिक रिपोर्ट मिली हैं उसके मुताबिक हाल में हुई बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि का गेहूं जैसी रबी की खड़ी फसलों पर बहुत अधिक असर नहीं हुआ है। तोमर ने एक कार्यक्रम से इतर 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''आरंभिक आकलन के मुताबिक रबी की फसलों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है। हालांकि अभी हमें राज्य सरकारों से जमीनी रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।'' गेहूं प्रमुख रबी फसल है और कुछ राज्यों में इसकी कटाई चल रही है। रबी की अन्य फसलों में हैं सरसों और चना। पश्चिमी विक्षोभ के कारण बीते तीन दिनों से देश के कई हिस्सों में बेसमौसम बारिश, ओला वृष्टि और तेज हवाएं चलीं। केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा था कि सरसों और चने की फसल को लेकर ज्यादा चिंता इसलिए नहीं है क्योंकि ज्यादातर फसल की कटाई हो चुकी है। केला और आलू जैसी फसलें ओले गिरने से कुछ प्रभावित हुई होंगी। सरकार का अनुमान है कि फसल वर्ष 2022–23 (जुलाई–जून) में गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 11.22 करोड़ टन रह सकता है।

## ममता बनर्जी पर बरसे सुवेन्दु अधकारी

### कहा: पहले नोटा को हराएं, उसके बाद प्रधानमंत्री बनने का सपना देखें

कोलकाता। 2024 चुनाव को लेकर देश की राजनीति जबरदस्त तरीके से गर्म है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी गैर कांग्रेस गठबंधन की कोशिश कर रही हैं। इस कड़ी में हाल में ही उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। खबर यह भी है कि ममता बनर्जी बीजू जनता दल के नेता और उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से भी मुलाकात करेंगी। हाल में ही ममता बनर्जी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि एक बार फिर से खेला होगा। उनके इस बयान को 2024 से जोड़कर देखा जा रहा है। इन सबके बीच ममता बनर्जी की तैयारियों को लेकर भाजपा ने उन पर तंज कसा है। भाजपा ने साफ तौर पर कहा कि पहले पश्चिम बंगाल से बाहर नोटा को हराए उसके बाद ही प्रधानमंत्री बनने का सपना देखे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल के बाहर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पहले नोटा को हराना चाहिए उसके बाद प्रधानमंत्री बनने का सपना देखें। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि 2019 में भी इन लोगों ने विपक्षी एकता की थी लेकिन क्या हुआ था नतीजा सबने देखा। उन्होंने दावा किया कि 2024 में भाजपा 400 पार सीट लाएगी। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपी चुनाव में अखिलेश यादव के साथ जितने गठबंधन साथी थे उसमें से अब कोई नहीं बचा। अखिलेश यादव को पहले यूपी में अपने गठबंधन साथियों को बरकरार रखना चाहिए उसके बाद दिल्ली के बारे में सोचना चाहिए। आपको बता दें कि हाल में ही अखिलेश यादव कोलकाता गए थे जहां समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। इसी दौरान उनकी मुलाकात ममता बनर्जी से हुई थी और 2024 चुनाव को लेकर चर्चा भी हुई थी। वहीं, भाजपा ने लगातार दावा किया है 2024 चुनाव में व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मैदान में उतरेगी। पार्टी का दावा है कि एक बार फिर से वह चुनाव जीतने में सफल होगी। दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन को तगड़ा झटका लगा जब ममता बनर्जी कांग्रेस के बगैर गठबंधन की कवायद कर रही हैं। ममता बनर्जी की पार्टी की ओर से साफ तौर पर कह दिया गया है कि कांग्रेस को विपक्ष का बिग बॉस ना समझे। हाल में ही ममता बनर्जी की पार्टी और कांग्रेस के बीच जबरदस्त बार पलटवार कविता और देखने को मिला।








# मां पाटेश्वरी के नाम पर बनेगा राजकीय विश्वविद्यालय

## गोंडा में सीएम ने की घोषणा, जनप्रतिनिधियों व अफसरों के साथ की समीक्षा बैठक





दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। देवी पाटन मंडल में मां पाटेश्वरी के नाम पर राजकीय विश्वविद्यालय बनेगा। यहां से भूमि आंवटन के लिए प्रस्ताव मांगा है। जिसे जल्द फाइनल कर दिया जाएगा। यह बात मंगलवार को गोंडा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। उन्होंने कहा कि जिले में विकास कार्य बहुत तेजी से और सही ढंग से चल रहा है।बोले की चार जनपदों में से तीन जिलों में मेडिकल कालेज के कार्य पूरे हो गए हैं या फिर पूरे होने वाले हैं। श्रावस्ती में एयरपोर्ट का निर्माण बहुत तेजी से चल रहा है। इसे जल्द पूरा करा दिया जाएगा। सभी जिले रिंग




रोड से जोड़े जाएंगे। बोले कि ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के भी बहुत सकारात्मक परिणाम आए हैं। यहां से करीब 11 हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आए हैं। जो कि सकारात्मक सोच है। इसके लिए उन्होंने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को धन्यवाद दिया। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकाप्टर गोंडा पुलिस लाइन में उतरा। यहां से सीएम सीधे विकास भवन पहुंचे। विकास भवन सभागार में देवीपाटन मंडल के गोंडा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती जिले की समीक्षा की। इसमें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अधिकारी जुड़े। स्वच्छता में पहले से आगे आए जिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती स्वच्छता के मामले में काफी पीछे थे। लेकिन पिछले छह वर्षों में इन जिलों ने लंबी छलांग लगाई है। विकास की प्रक्रिया को जोड़ने, पर्यटन की सुविधाओं को विकास करने की वजह से सकारात्मक पहल सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि अब आने वाले वर्षों में जो सर्वे होंगे उसमें श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच जनपद अग्रणी स्थान प्राप्त करता हुआ दिखाई देगा।गोंडा में मेडिकल कालेज से होगा लाभ मुख्यमंत्री ने कहा कि गोंडा में मेडिकल कालेज के निर्माण और एयर कनेक्टिविटी के शुरू होते ही कमिश्नरी में बेहतर परिणाम सामने आने लगेंगे। यहां उच्च शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। युवाओं को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार से विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। सूचना विभाग का बनेगा कार्यालय पत्रकारों से बातचीत के दौरान सीएम ने कहा कि यहां पर सूचना विभाग का कार्यालय स्वीकृत करने जा रहे हैं। सड़क के रास्ते गोंडा से बलरामपुर पहुंचे सीएम मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने गोंडा में समीक्षा बैठक की। इस दौरान खराब मौसम के चलते गोंडा से बलरामपुर सड़क मार्ग से पहुंचे। तुलसीपुर में दो दिन के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# हैवान ने मासूम बच्ची पर बांके से किया जानलेवा हमला,हालत नाजुक

## अपने घर से शौच के लिए गई मासूम बालिका पर धारदार हथियार से हमला

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटियाथोक,गोण्डा। इटियाथोक थाना क्षेत्र के दुल्हापुर पहाड़ी गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना प्रकाश में आई है। शौच के लिए गई नाबालिक लड़की पर पड़ोस गांव के रहने वाले सिरफिरे युवक ने बांके से ताबड़तोड़ प्रहार कर मरणासन्न कर दिया। स्वजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने खून से लथपथ बच्ची को गंभीर हालत में 108 एंबुलेंस से इटियाथोक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने बच्ची की हालत नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुल्हापुर पहाड़ी के मजरा मोफिया निवासी मोहीउद्दीन ने बताया कि आज सुबह 8.00 बजे के करीब मेरी नातिन दो अन्य बच्चों के साथ गांव के बाहर शौच के लिए गई थी यहां पहले से घात लगाए बैठे नीरज अवस्थी नें बच्चों को पकड़ने के लिए दौड़ाया दो बच्चे किसी तरह उसके चंगुल से छूट कर भाग खड़े हुए। वही नातिन को उसने पकड़ लिया और आम के पेड़ के नीचे ले जाकर बांके से





उसके चेहरे पर कई प्रहार किया तथा उसकी दोनों आंखें निकाल ली। इसके बाद बांके को सरसो के खेत में फेंक कर मौके से फरार हो गया।थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना से गांव में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है स्वजनों का रो–रोकर हाल बेहाल है। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। बच्ची के चाचा जाहीर अली की तहरीर पर हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# बस्ती में टायर फटने से अनियत्रित सफारी ट्रैक्ट्रर से भिड़ा, सात घायल, दो की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। छावनी थाना क्षेत्र के राम जानकी मार्ग पर अमोढ़ा कस्बे के सौनहवा गांव के सामने मंगलवार को करीब 3 बजे विशेषरगंज की तरफ आ रही सफारी का अचानक पिछला टायर फट गया जिससे विपरीत पटरी पर पंचर की दुकान पर खड़े ट्रेक्ट्रर व एक बाईक पर चढ़ता चला गया अनियत्रित सफारी जो आगे जाकर पलट गया जिससे सफारी में सवार करीब 9 लोग बैठे थे सभी सवार घायल हो गये सफारी सवार जो अम्बेडकर नगर जिले के टांडा को गये थे जानकारी के अनुसार लोग लड़की के शादी का रिश्ता देख कर लौटे थे तथा वापसी आते समय सड़क दुरघर्टना ग्रस्त हो गये दर्दनाक





हादसा में चिख पुकार सुनकर सौनहवा समेत कई गांव के ग्रामीण सैकड़ो की सख्या पहुंचकर घायलो के बचाव में जुट गये सूचना पर छावनी पुलिस एंव 112 पुलिस मौके पर पहुँचे सभी घायलो ग्रामीणो की मदद से तीन वाहन 108 एम्बुलेंस तथा 112 वाहन से सभी 9 घायलो को विक्रमजोत सीएचसी ले गये जिसमें 5 घायलो को गंभीर चोटें आई हैं एवं तीन घायलो को सामान्य चोटे के कारण उपचार सीएचसी विक्रमजोत में चल रहा है विक्रमजोत सीएचसी पर इलाज के दौरान चिकित्सको ने दो घायलो को मृतक घोषित कर दिया जिनकी पहचान (19) विशाल कनौजिया पुत्र मोतीलाल कनौजिया निवासी टांडा जिला अम्बेडकरनगर (65) शिव मोहन पाठकपुत्र चंद्रकेत निवासी बंदी दासपुर थाना पूरा कलंदर जिला फैजाबाद के रूप में हुआ तथा छावनी पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के लिये लिखा पढी में जुटी तथा अन्य सभी घायल शत्रुघ्न मिश्रा पुत्र रामाधार, अंकित मिश्रा पुत्र नरसिंह मिश्रा ग्राम लोलपुर नवाबगंज गोंडा,हरिमोहन पाठक चंद्र केट पाठक, सुनील पाठक पुत्र देव प्रसाद पाठक, सुरेंद्र मिश्रा पुत्र राजेंद्र मिश्रा, उर्मिला पत्नी रामआधार को हालात नाजुक जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया छावनी थानाध्यक्ष दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि सड़क हादसे में घायल दो की मौत हो गया तथा सात अन्य घायलो को अस्पताल भर्ती कराया गया एंव दोनो मृतको के शव का पंचनामा कर लिखा पढ़ी में पुलिस जुटी है।

# पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेले का किया गया आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया,गोंडा। विकासखंड पंडरी कृपाल के ग्राम पंचायत खम्हरिया हरिवंश में एक दिवसीय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ ग्राम प्रधान राकेश आर्य ने गौ पूजन के साथ किया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मदन मुरारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में छोटे–बड़े 382 पशुओं को कृमि नाशक दवा दी गई तथा जिनमें से करीब 121 बीमार पशुओं का इलाज के बचाव के लिए टीकाकरण भी किया गया। इस मेले में पशुपालन विभाग से पशुपालकों को दी जाने वाली सुविधाओं तथा योजनाओं की जानकारी मुहैया कराई गई। रोजगार के लिए पशुपालन के लिए प्रेरित भी किया गया। चिकित्सकीय टीम में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मदन मुरारी के अलावा अशोक मिश्रा, संजय मौर्य, राम जनम वर्मा, महेंद्र, पुत्तन वर्मा, अशोक वर्मा, दिनेश वर्मा, राम विनायक चौबे, जगदीश वर्मा, राघव राम मिश्रा सहित पशुपालक मेले में मौजूद रहे।



# फसल नुकसान की शिकायत 72 घंटों में टोल फ्री नंबर 18008896868 पर कराएं दर्ज

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गौतमबुद्धनगर। जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में उप कृषि निदेशक गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के समस्त कृषक बन्धुओं का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि आपदा प्रबन्धन द्वारा बेमौसम वर्षा की सम्भावना बतायी गयी है, जिससे रबी की फसलों में असामयिक वर्षा से नुकसान की सम्भावना है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत आच्छादित कृषकों की फसल कटाई के 14 दिनों के बाद भी आपदा की स्थिति में फसल नुकसान की भरपाई फसल बीमा कम्पनी करती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए बीमित कृषकों को आपदा की स्थिति में फसल नुकसान की शिकायत 72 घण्टों में टोल फ्री नंबर 18008896868 पर अनिवार्य रूप से दर्ज करानी होगी। उन्होंने यह बताया कि कृषक आपदा की स्थिति में फसल नुकसान की सूचना दर्ज कराने से संबंधित जानकारी के लिए जनपद में कार्यरत एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कम्पनी आफॅ इंडिया के प्रतिनिधि देवराज सिंह राठौर मोबाइल नंबर 7906769211 पर संपर्क कर सकते है एवं जनपद के विकास खण्ड स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर लिखित सूचना भी उपलब्ध करा सकते है।

# साइबर सेल ने दिलाया दो लाख रुपये

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। जनपद की दुबौलिया पुलिस साइवर सेल की संयुक्त



टीम ने दो लाख रुपये लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया उक्त जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक खाता खोलने व लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले मामले में अभियुक्त अंकित सिंह पुत्र सत्यदेव निवासी मुड़ापार थाना अहिरौली जनपद अंबेडकरनगर गिरफ्तार को भिउरा से कप्तानगंज जाने वाले रोड से गिरफ्तार किया अभियुक्त के पास से एक मोबाइल सैमसंग, आधार कार्ड, पैन कार्ड 20 नग, 4370 रुपए नगद बरामद किया है पूछताछ में आरोपी ने बताया की हम दुबौलिया क्षेत्र के विभिन्न गांव में गांव में जाकर सभी से आधार पैन कार्ड मांग कर अंबेडकरनगर रहने वाले अपने मामा रजनीश सिंह को देते थे जो 1000 से 2500 लेकर खाता खुलवा देते थे उसके बाद हम लोन के नाम पर ठगी किया करते थे।

# चक्रव्यूह रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब पिलाये जाने पर छापा,मुकदमा दर्ज

## चक्रव्यूह रेस्टोरेंट में अवैध रूप से बिना लाइसेंस के शराब पिलाये जाने पर रेस्टोरेंट के मैनेजर व 4 वेटरों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम व रेस्टोरेंट अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग कराया गया पंजिकृत





दैनिक बुद्ध का सन्देश

गौतमबुद्धनगर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 रवि जायसवाल व आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 अभिनव शाही व थाना सेक्टर 113 पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सेक्टर 75 स्थित स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल के चक्रव्यूह रेस्टोरेंट में अवैध रूप से बिना लाइसेंस के शराब पिलाये जाने के शिकायत की सूचना पर आकस्मिक रूप से दविश दी गयी। उन्होंने बताया कि दविश मे रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब पिलाते पाये जाने पर रेस्टोरेंट के मैनेजर अरूज सिंह संधू पुत्र नागेंद्र पाल सिंह एवं वेटर के रूप में कार्य करने वाले अन्य 4 लोग जगदीश पुत्र पान सिंह, विकास पुत्र बाबुराम, पिंटू कुमार झा पुत्र देवेंद्र झा व दिनेश चन्द्र पुत्र नन्दकिशोर को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट के काउंटर को चेक करने पर बकार्डी कार्टा ब्लॉंसा–01 बोतल, बेलेन्टाइन ब्लेंडेड स्कॉच–01 बोतल, ब्लैक डॉग–01बोतल, टीचर्स हाइलैंड्स क्रीम–01बोतल, बटवाइजर सुपर प्रिमियम बियर–20केन व 04 पायंट्स, कोरोना एक्स्ट्रा बियर–06 पायंट्स, बीरा व्हॉट्स–15 पायंट्स तथा इसके अलावा 100 पाइपर, जेक डेनियल, ग्लैंड लेविट–12, बेलेन्टाइन, बॉम्बे सफायर, बी फिटर, बकार्डी, जेम्सन की कुल 10 खाली बोतलें भी बरामद की गई। बरामद शराब व गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित थाना सेक्टर 113 में आबकारी अधिनियम व रेस्टोरेंट अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजिकृत कराया गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# क्षेत्राधिकारी रुधौली की अध्यक्षता में की गई पीस कमेटी की मीटिंग

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती दीपेन्द्र नाथ चौधरी के निर्देशन में उपजिलाधिकारी रुधौली आनंद श्रीनेत व क्षेत्राधिकारी रुधौली प्रीति खरवार की अध्यक्षता में तहसीलदार रुधौली केसरीनंदन



तिवारी की उपस्थिति में प्रभारी निरीक्षक रुधौली संजय कुमार द्वारा आगामी त्यौहारो नवरात्रि, चौत्र राम नवमी, रमजान व ईद को सकुशल संपन्न कराने हेतु थाना क्षेत्र के दोनों समुदाय के उपस्थित सम्भ्रांत व्यक्तियोंध्जनप्रतिनिधियों धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई तथा सभी से आगामी त्योहारों को शकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत उनके विचारों और सुझावों को सुना गया तथा शासन व उच्चाधिकारी गण से प्राप्त निर्देशों से सभी को अवगत कराते हुए पालन करने हेतु निर्देशित किया गया, सभी से त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने मे सहयोग की अपेक्षा किया गया, उक्त अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित जनता के अलावा मीडिया बंधु तथा थाने के अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने दिया आदेश जिले के सभी 119 पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटरों की होगी जांच



दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। जिले के सभी 119 पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच के जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि जांच टीम में उप जिलाधिकारी, एक डॉक्टर तथा एक जिला स्तरीय अधिकारी भी शामिल होंगे। उन्होंने सीडीओ, एडीएम, सीआरओ, डीडीओ, पीडी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में टीम गठित कर सेंटर की जांच कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि टीम को एक चेकलिस्ट दी जाएगी, जिसके आधार पर ही अपनी जांच रिपोर्ट देंगे। टीम यह भी जांच करेगी कि सेंटर के लिए नामित डॉक्टर कितने और अल्ट्रासाउंड सेंटर पर पंजीकृत हैं। इस बिंदु की जांच पोर्टल के माध्यम से भी करने का उन्होंने निर्देश दिया है। पीसीपीएनडीटी एक्ट के अनुसार एक डॉक्टर दो से अधिक सेंटर पर पंजीकृत नहीं हो सकता।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया धरना प्रदर्शन







दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। मंगलवार को पूर्व कार्यक्रम के अनुसार संयुक्त राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष ने जिला कलेक्ट्रेट पर जनपद के सभी कर्मचारियों अधिकारियों के साथ धरना प्रदर्शन दिया आपको बता दें कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के इस धरने प्रदर्शन में राज्य कर्मचारी संगठनों में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के साथ कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ, उधान, सिंचाई, परिवहन, कोषागार, निबंधन, लोकनिर्माण विभाग, कृषि, मण्डी, प्रदूषण नियंत्रण, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, अल्प बचत, रजिष्टार चिटफण्ड, श्रम, शिक्षा, राजस्व, ग्राम विकास, ग्राम पंचायत, सफाई कर्मचारी, आईटीआई, बाल विकास पुष्टाहार, खाद्य रसद, सहित सैकड़ों विभाग के सेवा संगठन कर्मचारी शामिल रहें।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा की कर्मचारी एंव शिक्षक समाज को हर हाल में पुरानी पेंशन बहाली चाहिए। कर्मचारियों और शिक्षक के फण्ड का पैसा शेयर बाजार में लगाए जाने का पुरजोर विरोध करते हुए इससे होने वाले नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने तर्क से साथ कहा कि पुरानी पेंशन बहाली से सरकार के ऊपर कोई फर्क नही पड़ने वाला। जनवरी 2044 से केन्द्रीय कर्मचारियो तथा अर्प्रैल 2005 से उ0प्र0 ने नई पेंशन योजना को यह कहकर लागू कर दिया था कि प्रस्तावित नई व्यवस्था भी पुरानी पेंशन जैसी होगी। कर्मचारियों को कोई नुकसान नही होगा। किन्तु इतने दिनों में यह बॉत सिद्ध नही हो पाई। उल्टे सेवानिवृत्त हो रहे कार्मिकों को 2000 से 5000 हजार तक ही पेंशन राशि मिल पा रही है। उदाहरण देते हुए बताया गया कि सिंचाई विभाग उ.प्र. बाबू लाल, अरूण त्रिपाठी, प्रेमबाबू, शीतलाबक्स सिंह और गजानन्द पाण्डेय को नई पेंशन के तह्त शुन्य है। जबकि रेलव से सेवानिवृत्त आर. रामचन्द्रन और के. भास्कर राव को क्रमशः 2417 रूपये और 2506 रूपये मात्र पेंशन मिल रही है। जबकि पुरानी पेंशन व्यवस्था में यह राशि न्यूनतम 15000 रूपये होती थी।ऐसे में इस महंगाई में यह राशि कर्मचारी के बुढ़पें का क्या सहारा बन पाएगी। ऐसी स्थिति में पुरानी पेंशन व्यवस्था ही एक सामाजिक सुरक्षा है इसे हर हाल में लागू किया जाए। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच द्वारा पूरे देश से महामहिम राष्ट्रपति को आनलाईन पिटीशन भेजी गई, 21 फरवरी पुरानी पेंशन के लिए रेलवे कार्यालयों के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया जा चुका है।इस अवसर पर शामिल सभी संगठनो के पदाधिकारीयों ने अपनी बाते रखी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ,जिला मंत्री शैलेंद्र कुमार गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ओंकार नाथ जिला,अध्यक्ष लेखपाल संघ अजय गुप्ता,वीरेंद्र त्रिपाठी अध्यक्ष आयुर्वेद यूनानी फार्मासिस्ट एसोसिएशन, हरीश चंद्र पांडे,प्रेम सागर चौधरी,विनोद त्रिपाठी, अशोक श्रीवास्तव, आशीष सिंह, कमलेश यादव,संजय पांडे ,महेश्वर पांडे,बालगोविंद, अभिनव ओझा,आशुतोष यादव,ओम प्रकाश पाठक,मुकेश कुमार,नरेंद्र पांडे, अजीत प्रताप सिंह, अजय सिंह, अश्वनी कर पाठक, जग नारायण ,मुनि कुमार,नंदकिशोर,परमात्मा यादव,मुकेश कुमार,केशभान यादव ,हरेंद्र पांडे आदि मौजुद रहें।

## अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर लोगों ने लिया वन बचाने का संकल्प

दैनिक बुद्ध का सन्देश

**■ आदि मानव से वर्तमान तक पूर्ति करता है वन-प्रर्यावद विशेषज्ञ सुनीता मिश्रा**

सिद्धार्थनगर। मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस होने पर जिले में कई स्थानों पर वन प्रांतर को बचाने का संकल्प लिया गया। पेड़ों के महत्व के विषय में जन जागरूकता फैलाने के लिए स्वामी विवेकानंद शिक्षा सेवा समिति के प्रबंधक राजकुमार अग्रहरि ने कहा कि धरती पर वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना असंभव हैस पृथ्वी पर जीवन संभव बनाने बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाएंस एवं वनों का रक्षा करेंस वन हमारे लिए बहुत ही उपयोगी हैं सवनों से विभिन्न प्रकार के लकड़ी के उत्पाद प्राप्त होते हैंस वायु में प्रदूषक को हटाने में भी वन सहायक होते हैंस इस प्रकार वायु प्रदूषण को कम करते हैंस वह हमें आश्रय और छाया देने के साथ–साथ हवा, भोजन, फल, लकड़ी, पानी और दवा भी प्रदान करते हैंससंस्था इस विषय में बहुत अधिक संवेदनशील होकर कार्य कर रही है। सुप्रसिद्ध प्रर्यावद और प्रर्यावरण विशेषज्ञ सुनीता मिश्रा ने कहा कि आदि मानव से लेकर वर्तमान समय तक वन मानवीय आकांक्षाओं का केंद्र रहा है। दुर्लभ जड़ी बूटियों से लेकर कीमती लकड़ियों का प्रयोग जंगलों के माध्यम से संभव हो सका है। जिस तेजी से वन के क्षेत्रफल घट रहे हैं उससे एक तरफ प्रर्यावरण असंतुलन का दौर शुरू हो गया तो दूसरे तरफ प्राकृतिक आपदाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। बड़ी संख्या में वनों में आग लग रही है जो महीनों बीतने के पश्चात लम्बे भू– भाग को जलाने के पश्चात काबू में आ रहा है जरूरत है कि इस तरह की घटनाओं को रोका जाए हिंदू जागरण मंच सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र द्विवेदी ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही के वजह से वसंत ऋतु में कई स्थानों पर चोरी छुपे हरे वृक्षों का कटान किया गया है ऐसी वजहों से मार्च जैसे सूखे महीने में प्रर्यावरण की दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। जिसका खामियाजा गरीब किसानों को भुगतना पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के सबको संदेश कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उसका पोषण करें। डीएफओ चंदेश्वर सिंह ने कहा कि जिले में 06 प्रतिशत भाग में वन था जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार 09 प्रतिशत कर दिया गया है।अब हम लोगों का लक्ष्य 15 प्रतिशत करने का है इसके लिए बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया जा रहा है। लकड़ी कटेरों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही चल रहा है। सबका सहयोग रहेगा तो जिले के भू –भाग मे 15 प्रतिशत वन का लक्ष्य प्राप्त हो जाएगा। इस अवसर पर कई स्थानों पर लोगों ने वन बचाने का संकल्प लिया।

## आफत की बारिश : गेहूं की फसल गिरी, शहर में हुआ जलभराव

देवरिया। बेमौसम बरसात से शहर के कई मोहल्लों की सड़कों पर पानी भर गया। दोपहर बाद बारिश के कारण जिला मुख्यालय की सड़कों पर सन्नाटा भी देखने को मिला। मुकाबले एक डिग्री सेल्सियस पारा गिर गया। इसकी वजह से लोगों ने ठंड भी महसूस की। भोर में ही जिले के देसही देवरिया, बघौचघाट, रामपुर कारखाना, तरकुलवा सहित अन्य क्षेत्रों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। इससे गेहूं की फसलें गिर गईं। जबकि शहर में करीब दोपहर बाद तीन बजे बारिश शुरू हुई और देर शाम तक होती रही। इसके चलते शाम को लोग छाता के सहारे बाजार करते देखे गए। शहर के उमानगर, रामगुलाम टोला, चकियवा, देवरिया खास, छोटीकी बभनी, रामनाथ देवरिया में कई जगहों पर कीचड़ और जलभराव हो गया। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आसमान में बादल होने से दिन में ही अंधेरा छा गया। जिससे चालक वाहन की लाइट जलाकर चल रहे थे। कोचिंग पढ़कर छात्र भीगते हुए घर पहुंचे। वहीं नौकरी, पेशे पर आए लोगों को भी भींग कर घर जाना पड़ा।

## अलीगढ़वा में कपड़ो को नेपाल भेज मालामाल हो रहे व्यापारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर। शहरों को भेजी जाती है। जिसमे अलीगढ़वा कपड़ा व्यापारी को



**■ जीएसटी,आयकर,सीमा शुल्क की करते है चोरी**
**■ आम ग्राहकों को नही दिया जाता है, पक्का बिल लिया जाता है,कर**

बीस से तीस प्रतिशत कमीशन तय होता है। नेपाल के व्यापारी सूरत जैसे महानगरों से खरीददारी कर अलीगढ़वा फर्म के नाम वही छोड़ देते है,फिर आसानी से माल फर्म मालिक के वहा पहुंचता है। फिर तय कमीशन के अनुसार कैरियर के माध्यम से। कपड़ा सीमा पार करा दिया जाता है। जिसका कोई बिल नही दिया जाता है। बताया जा रहा है कि,कस्बा अलीगढ़वा में पुराना कपड़ा व्यापारी जिसके सगे संबंधी का थोक कपड़े की दुकान नेपाल के तौलिहवा में है। जिसके लिए रात्रि होते ही सीमा से कपड़े की गठिया निकलना शुरू होता

भारत नेपाल सीमा कस्बा अलीगढ़वा में कपड़े की तस्करी में लिप्त कपड़ा व्यवसायी, कैरियर के माध्यम सीमा पार कराते है कपड़े की गठियां, होते है मालामाल। जीएसटी, आयकर, सीमा शुल्क की चोरी करने में माहिर है, कपड़ा व्यापारी,रात्रि होते ही कपड़ो की गठिया नेपाल पहुंच जाती हैं। फिर वहां से पीकप से तौलिहवा, भैरहवा, बुटवल आदि



कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर। नेपाल भारत खुली सीमा होने के बाद भी हमारे जवान सीमा सुरक्षा में लगे है, तस्करी के रोकथाम के लिए पुरजोर कोशिश है, अगर कही जवान की लापरवाही, संलिप्तता मिली तो कार्यवाही की जाएगी। प्रेम वस्नेत एस पी कपिलवस्तु नेपाल।

है। जिसमे कई बार नेपाल पुलिस ने पकड़ कर सीज किया है। जिसमे मोटर साइकिल सहित पीकप शामिल है। लेकिन भारतीय क्षेत्र में पुलिस की कार्यवाही नही हो पाती है। इनके रिश्ते राजनैतिक सगे संबंधी कारण बताए जा रहे है। इसी रसूख के कारण नेपाली व्यापारी इनसे मिल कर कार्य करते है। एक लाख का कपड़ा सीमा पार कराने पर तीस प्रतिशत तक मोटी रकम प्राप्त हो जाती है। माल पकड़े जाने पर नेपाल व्यापारी ही भार सहता है। जो नित्य लाखो के कपड़े सीमा पार हो जाते है। इनकी दुकानें सीमा से पचास मीटर तक में निहित है। ये जीएसटी, आयकर, सीमा शुल्क चोरी से मालामाल हो रहे है। विभाग की नजर इन गैर कानूनी कार्य में लिप्त लोगो से दूर है। और ये लोग सरकार के राजस्व को चूना लगा रहे हैं।

## ग्रामीण मीडिया के लिये कार्यशाला का आयोजन

### सरकार पत्रकारों की सुरक्षा की ले जिम्मेदारी–राजेश शर्मा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। ग्रामीण पत्रकारों के लिये "वार्तालाप" नामक की कार्यशाल का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से पीआईबी लखनऊ ने ग्रामीण पत्रकारों को भारत सरकार द्वारा संचालित केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। कार्यशाला में ग्रामीण पत्रकारों को सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा संचालित पत्रकार कल्याण योजना के बारे में बताया गया। पीआईबी के मीडिया संचार अधिकारी सुन्दरम चौरसिया ने ग्रामीण पत्रकारों को पीआईबी फैक्ट चेक के माध्यम से फेक न्यूज को पहचानने और उससे निपटे के साधन बताये। कार्यक्रम में पीआईबी के व्यवस्था अधिकारी अविनाश शरण और सुशील प्रजापति ने ग्रामीण पत्रकारों को न्यू इंडिया समाचार पत्रिका ,आजादी क्वेस्ट एप तथा पीआईबी एप के बारे में जानकारी दी तथा न्यू इंडिया समाचार पत्रिका का वितरण किया।

कार्यशाल को संबोधित करते हुये




सांसद प्रतिनिधि अखंड पाल ने कहा कि पीआईबी द्वारा ग्रामीण इलाकों में इस तरह की कार्यशाल का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण पत्रकारों केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में पता चलता है। उपजिलाधिकारी विकास कश्यप ने कहा कि सिद्धार्थनगर जिले के पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से हमेशा सधे विषयों को उठाते है जिससे आम जनता को लाभ होता है।उन्होंने कहा कि जनपद के पत्रकार लगातार ग्रामीण जनता को सरकार और प्रशासन द्वारा लिये गये नये फैसलों से अवगत कराते हैं। सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, बस्ती जिला अध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी तथा मान्यता प्राप्त पत्रकार प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी, सिद्दार्थ प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ,युवा पत्रकार जयप्रकाश गुप्ता ने ग्रामीण पत्रकारों का पक्ष भारत सरकार के सामने रखा और पत्रकारिता के सामने आने वाली चुनौती और अवसरों के बारे में अपने विचार रखें। कार्यक्रम में अपर जिला सूचना अधिकारी विमलेश कुमार ,समाजसेवी राणा प्रताप सिंह, श्रीधर पांडेय तथा पत्रकार आलोक श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, संदीप मद्देशिया, राजेश शर्मा, कृपाशंकर भट्ट, प्रदीप वर्मा ,सद्दाम खान, आर.पी.जोशी ,राकेश यादव, कैलाश द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार ,अनिल तिवारी, शरद त्रिपाठी ,विक्रांत श्रीवास्तव आदि पत्रकारों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग दिया।कार्यक्रम का सफल संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा उर्फ हरिहर ने किया।

## दिव्य दरबार कार्यक्रम मे पहुँचे सांसद जगदम्बिका पाल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज के सिंहेसवरी मंदिर मे आयोजित







लोक कल्याण धार्मिक कार्यक्रम मे जगदम्बिका पाल ने पहुंच कर पूजा आराधना एवं बंदना की और उपस्थिति जनता से अपील करते हुए कहा धार्मिक विचार से आता है सेवा एवं समर्पण की भावना जिससे देश समाज का कल्याण होता है सांसद जगदम्बिका पाल ने उपस्थिति जनता को आशीर्वाद देते हुए अपील किया की आयोजित भक्ती भावना के साथ पहुंचकर करें लोक कल्याण हेतु आराधना इस दौरान सैकड़ो क्षेत्रीय जनता भक्त गण रहे मौजूद।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने किया बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज के हल्लौर में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



अल्पसंख्यक मोर्चा अजमल हुसैन जैदी द्वारा दिनांक 20 अप्रैल 2023 को प्रधानमंत्री के जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में अल्पसंख्यक समुदाय के बीच में अपनी बात रखी अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओ के निस्तारण हेतु जनसुनवाई की गई न्याय सभी को तुष्टीकरण किसी का नही सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति के तहत दूरदराज से आए आगंतुकों व की समस्या को बड़े गौर से सुना तत्पश्चात नरेन्द्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों जानकारी दी अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए समाज के अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जाए, मदरसों का आधुनिकरण कर कुरान के साथ हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान को भी पढ़ाई जाए कुरान के साथ कंप्यूटर का भी ज्ञान कराया जाए क्योंकि कुरान पढ़कर व्यक्ति अच्छा।

## प्रश्न पत्र आने का शिक्षक–परीक्षार्थी करते रहे इंतजार

देसही देवरिया। देसही देवरिया विकास खंड क्षेत्र में परिषदीय परीक्षा आधे – अधूरे तैयारियों के साथ शुरू हुई। कई जगह पेपर समय से नहीं पहुंचा। कुछ जगह पेपर ह्वाट्सएप पर भेजकर विलंब से परीक्षा शुरू कराई गई। इससे बच्चों और शिक्षकों में अफरातफरी की स्थिति रही। क्षेत्र में 32 उच्च और 82 प्राथमिक विद्यालय हैं। प्रथम पाली की परीक्षा 9 :30 से 11:30 बजे तक थी। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कृषि विज्ञान व गृह शिल्प का पेपर था। कोटवा बावनमोर्चा कंपोजिट विद्यालय, सेमरी, कौलाछापर, समोगर, रामपुर दुल्लह सहित कुछ विद्यालयों पर समय से पेपर नहीं पहुंचा। उसके बाद संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों के ह्वाट्सएप पर पेपर भेजा गया। शिक्षकों ने श्याम पट्ट पर प्रश्न लिख कर परीक्षा कराया। कोटवा बावनमोर्चा के प्रधानाध्यापक बिकाऊ लाल गुप्ता और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि पेपर समय से नहीं मिला। 11 बजे के बाद पेपर ह्वाट्सएप पर आया। उसके बाद श्याम पट्ट पर लिखकर जैसे–तैसे परीक्षा कराई गई। बीईओ महेंद्र प्रसाद ने बताया कि सभी विद्यालयों पर प्रश्नपत्र समय से भिजवा दिया गया था।

## पारिवारिक कलह से महिला ने फांसी लगाकर दी जान

भागलपुर। पारिवारिक कलह से तंग आकर एक महिला ने शाम फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजन महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भागलपुर लाएं, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मईल क्षेत्र के इशारू गांव निवासी संध्या देवी पत्नी सुनील राजभर 30 वर्ष शाम पारिवारिक कलह से तंग आकर टिनशेड के घर में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने दरवाजा बंद देख आवाज लगाई कोई आवाज नहीं आने पर दरवाजा खोला तो देखा संध्या फंदे से लटक रही है। आनन फानन परिजन फंदे से उतारकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भागलपुर पहुंचे, जहां प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजीत कुशवाहा ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति सुनील दहाड़ मारकर रोने लगा। एसओ मईल संदीप कुमार सिंह ने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि पारिवारिक कारणों से महिला ने फंदे से लटक कर जान दी है। घर के लोगों ने भी यही बताया है।

## सम्पादकीय

**फिर भगवान श्री राम के रूप का विविध प्रकार से वर्णन करते हुए गोस्वामी जी लिखते हैं कि सींक धनुष हित सिखन सकुचि प्रभु लीन। मुदित मांगि इक धनुही नृपि हंसि दीन। अर्थात संकोच के साथ प्रभु श्री राम ने धनुष चलाना सीखने के लिए हाथ में एक तिनके का धनुष लिया। इसे देखकर राजा दशरथ प्रसन्न हो गए...**

# भक्तों के लिए राम नाम बहुमूल्य है चरित यही अनमोल

आज से चौत्र नवरात्रि प्रारंभ हो रहा है। स्वरचित एक दोहा भगवान श्रीराम चंद्र जी को समर्पित है।

राम नाम बहुमूल्य है, चरित यही अनमोल।
गा लो प्यारे चार दिन, बोल राम के बोल।

प्रभु श्री राम की अनंत महिमा है। श्री राम की सुंदरता का गुणगान करते हुए गोस्वामी जी बरवै रामायण के बाल कांड में लिखते हैं कि बड़े नयन कुटि भृकुटी भाल बिसाल। तुलसी मोहत मनहि मनोहर बाल।। अर्थात बालक श्री राम के नेत्र बड़े बड़े हैं। भौंहें टेढ़ी हैं। ललाट चौड़ा है। यह मनोहर बालक मन को मोह लेता है। दूसरे बरवै में गोस्वामी जी पुनः लिखते हैं कि कुंकुम तिलक भाल श्रुति कुंडल लोल। काक पच्छ मिलि सखि कस लसत कपोल।। अर्थात अयोध्या के राजभवन की स्त्रियां कहती हैं कि सखी! श्री राम के ललाट पर केसरका तिलक है। कानों में चंचल कुंडल हैं और जुल्फों से मिलकर गोल गोल गाल कैसे सुशोभित हो रहे हैं। भगवान श्री राम के रूप का वर्णन करते हुए गोस्वामी जी नहीं थकते हैं। वे लिखते हैं कि भाल तिलक सर सोहत भौंह कमान। मुख अनुहरिया केवल चंद समान।। अर्थात मस्तक पर तिलक की रेखा बाण के समान शोभा डे रही है और भौंहें धनुष के समान हैं। मुख की तुलना में तो अकेला पूर्णिमा का सी चंद्रमा ही आ सकता है। प्रभु श्री कितनी अप्रतिम छवि है। पुनः गोस्वामी जी लिखते हैं कि तुलसी बंक बिलोकनि मृदु मुसकानि। कस प्रभु नयन कमल अस कहौं बखानि।। गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं कि श्रीराम जी की चितवन तिरछी है। मंद मंद मुसकान उनके होठों पर खेल रही है। प्रभु के नेत्रों को कमल के समान कहकर कैसे वर्णन करूं। क्योंकि ये नेत्र तो नित्य प्रफुल्लित रहते हैं और कमल रात्रि में कुम्हला जाता है। मतलब कि कमल से भी सुंदर है। गोस्वामी जी फिर लिखते हैं कि काम रूप सम तुलसी राम सरूप। को कबि समसरि करै परै भवकूप।। अर्थात इसमें तुलसीदास जी कहते हैं कि



ऐसा कौन कवि है, जो श्री राम के स्वरूप की तुलना कामदेव के रूप से करके संसार रूपी कूप में पड़ेगा। कहां कामदेव और कहां प्रभु श्रीराम की अप्रतिम सुंदरता जो व्यक्ति को मंत्र मुग्ध कर देती है। करोड़ों कामदेव की सुंदरता भगवान श्री राम के समक्ष फीकी है। गोस्वामी जी बरवै छंद में में भगवान श्रीराम के चरित्र के विषय में लिखते हैं कि साधु सुसील सुमति सुचि सरल सुभाव। राम नीति रत काम कहा यह पाव।। अर्थात श्री राम साधु मतलब परम सज्जन हैं। उत्तम शील संपन्न, उत्तम बुद्धि वाले , पवित्र सरल स्वभाव के और नीतिवान हैं। फिर भगवान श्री राम के रूप का विविध प्रकार से वर्णन करते हुए गोस्वामी जी लिखते हैं कि सींक धनुष हित सिखन सकुचि प्रभु लीन। मुदित मांगि इक धनुही नृपि हंसि दीन। अर्थात संकोच के साथ प्रभु श्री राम ने धनुष चलाना सीखने के लिए हाथ में एक तिनके का धनुष लिया। इसे देखकर राजा दशरथ प्रसन्न हो गए। इसके साथ प्रसन्नता पूर्वक महाराज दशरथ ने एक धनुही (नन्हा धनुष) मंगाकर हंसकर उन्हें दिया। बाल छवि का जितना मार्मिक वर्णन गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपनी कविताओं में किया है, वैसा वर्णन सिर्फ और सिर्फ महाकवि सूरदास जी ही अपने बंद नेत्रों से कर सके हैं। आप देखिए तो बच्चे किस तरह से खिलौने के साथ खेलते हैं और बच्चों को खेलते देख पिता की ममता और उनका वात्सल्य किस तरह से जागृत हो जाता है, इसकी सूक्ष्म समझ गोस्वामी जी को है। बाल मनोविज्ञान को भांपने में गोस्वामी तुलसीदास जी अप्रतिम है। उनके द्वारा प्रभु श्रीराम का जो चित्र और चरित्र काव्य के सांचे में ढाला गया है, वह बहुमूल्य है। **लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का सन्देश**

## कविता

घर घर आई देवी मां नवरात्रि हुआ प्रारंभ,
आइए करते हैं श्रद्धा से माता की पूजा आरंभ।
मां शैलपुत्री का प्रथम पूजन,
मन को आनंदित कर जाता है,
नवरात्रि के पहले दिन ही
माता को पूजा जाता है।
अर्ध चंद्रमा माता के
माथे पर विराज मान है,
श्वेत वस्त्र माता के ऊपर
लगते शोभा मान है।
कमल और त्रिशूल हाथों में ले,
करती वृषभ सवारी हैं।
ओढ़े चुनरी मैया जी,
लगती कितनी प्यारी हैं।
हिमालय पुत्री होने के नाते मां,
शैलपुत्री कहलाती हैं।
दुर्गा जी के रूप में,
मां पार्वती पूजी जाती हैं।
जो मैया को पूजे मन से
जन्म सफल हो जाता है।
सुख और शांति आती है घर में
प्यार भी बढ़ता जाता है।
जय माता दी....



**डॉ सीमा मिश्रा/**
**दैनिक बुद्ध का सन्देश**

# चीन से आयात पर रोक ?

**यह भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैन्युफैक्चरिंग के तहत 24 सेक्टर को प्राथमिकता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा । चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव ‍्रपीएलआईत्र स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपए आवंटन के साथ प्रोत्साहन...**

अजय दीक्षित

केन्द्रीय उद्योग मंत्री पीयुष गोयल ने कहा कि चीन से आयात होने वाले घटिया स्तर के 2000 उत्पादों को गुणवत्ता नियंत्रण के दायरे में लाया जाएगा। साथ ही चीन से सस्ता माल मंगाना आसान नहीं होगा। मैन्यूफैक्चरिंग के प्रोत्साहन के लिए बड़े पैमाने पर गुणवत्ता मानक का नियम लागू होगा। निरूसंदेह इस समय जब चीन से हर तरह का आयात बढ़ रहा है और चीन से देश का व्यापार असंतुलन चिंताजनक स्तर पर है, तब सरकार का यह फैसला स्वागत योग्य है। इससे चीन से आयात पर अंकुश लगेगा। गौरतलब है कि इस समय चीन से लगातार बढ़ता व्यापार असंतुलन पूरे देश की एक बड़ी आर्थिक चिंता का कारण बन गया है और इस पर पूरे देश में विभिन्न स्तरों पर विचार मंथन हो रहा है। पिछले माह 23 फरवरी को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एशिया इकोनॉमिक डायलॉग में कहा कि चीन से व्यापारिक असंतुलन की गंभीर चुनौती के लिए सिर्फ सरकार ही जिम्मेदार नहीं है, चीन के साथ व्यापार असंतुलन के लिए सीधे □ तौर पर देश का उद्योग–कारोबार और देश की कंपनियां भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कलपुर्जे सहित संसाधनों के विभिन्न स्रोत और मध्यस्थ विकसित करने में अपने प्रभावी भूमिका नहीं निभाई है। साथ ही देश की बड़ी कंपनियां शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में भी बहुत पीछे हैं। विगत 17 फरवरी को वाणिज्य मंत्रालय ने भारत–चीन व्यापार के वित्त वर्ष 2022–23 के अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 तक 10




महीनों के आयात–निर्यात के जो नवीनतम आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक इन 10 महीनों की अवधि में चीन से किए जाने वाले आयात में 9 फीसदी का उछाल आया है, जबकि इस अवधि में चीन को किए जाने वाले निर्यात में 34 फीसदी की भारी कमी आई है । वित्त वर्ष 2022–23 के पहले 10 महीनों में भारत के द्वारा किये जाने वाले कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी 13.91 फीसदी है । चीन से भारत में आने वाले सामान में विभिन्न उद्योगों के उत्पादन में काम आने वाले दवाइयों के कच्चे माल (एपीआई), दवाइयां, इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रानिक सामान, पशु या वनस्पति वसा. अयस्क, लावा और राख, खनिज ईंधन, अकार्बनिक रसायन, कार्बनिक रसायन, उर्वरक, कमाना या रंगाई के अर्क, विविध रासायनिक उत्पाद, प्लास्टिक, कागज और पेपरबोर्ड, कपास, कपड़े, जूते, कांच और कांच के बने पदार्थ, लोहा और इस्पात, तांबा, परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, मशीनरी और यांत्रिक उपकरण, विद्युत मशीनरी और फर्नीचर से संबंधित है। इन सामानों का चीन से आयात लगातार बढ़ा है । सामानों की भारत में मांग में कमी दिखाई दी हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा बार–बार स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने और वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रसार ने स्थानीय उत्पादों की खरीदी को पहले की तुलना में अधिक समर्थन दिया। जहां वर्ष 2022 में दीपावली पर्व पर भारतीय बाजारों में चीनी उत्पादों की बिक्री में बड़ी कमी आई, वहीं मार्च 2023 में होली पर्व पर चीनी उत्पाद बाजार से लगभग गायब रहे। यह भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैन्युफैक्चरिंग के तहत 24 सेक्टर को प्राथमिकता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा । चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपए आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं। अब देश के कुछ उत्पादक– चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुये हैं । चीन से आयात पर अंकुश लगेगा ।

**यह किशोरों को अनैतिकता और स्वच्छता की ओर ले जाती है, इसलिए सरकार को किसी भी रूप में इस शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने का सुझाव नहीं दिया गया। हालांकि भारत की हालिया नई शिक्षा नीति में इसे लेकर कुछ मामूली तब्दीली जरूर हुई है। इससे हमारे समाज का कितना भला होगा, कहना मुश्किल है। लेकिन हम दावे के साथ कह सकते हैं कि हमारी सामाजिक सोच के स्तर में भी इस विषय को ...**

# यौन शिक्षा : समाज की सोच में आ रहा बदलाव

सुशील देव

भारत में यौन शिक्षा को लेकर अभी भी चर्चा रहस्यमयी या मायावी बनी हुई है। कोई भी इस विषय पर खुलकर चर्चा नहीं करना चाहता जबकि यह मसला सामाजिक तौर पर बेहद गंभीर है। विश्व की कई संस्थाएं इसे समाज के लिए अग्रणी मुददों में गिनती हैं। यूनेस्को के मुताबिक 39 फीसदी देशों के पास अभी यौन शिक्षा को लेकर राष्ट्रीय नीति बनी हुई है, वहीं दुनिया के मात्र 20 फीसदी देशों में यौन शिक्षा पर कानून है। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस सेक्स एजुकेशन यानी यौन शिक्षा को लेकर लोग आपस में खुलकर बात नहीं करना चाहते, उसी यौन शिक्षा पर दुनिया के कुछ देशों में कानून भी लागू हो चुका है। यह कानून यौन शिक्षा के प्रति वहां जागरूकता का संदेश दे रहा है। यूनेस्को की एक रिपोर्ट के मुताबिक मात्र 20 फीसदी देशों में यह कानून लागू है जबकि 39 फीसदी देशों के पास इस शिक्षा को लेकर राष्ट्रीय नीति तैयार हो चुकी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि प्राथमिक शिक्षा में यौन शिक्षा 68 फीसदी देशों और माध्यमिक शिक्षा में 76 देशों में अनिवार्य हो गई है जबकि ज्यादातर देशों में यौन और घरेलू व्यवहार तथा लैंगिक हिंसा जैसे विषय शामिल हैं। भारत की बात करें तो कुछ आंशिक पहल को छोड़कर यहां अभी इस मसले पर कोई ठोस नीति या कानून नहीं बन पाया है। दो तिहाई गर्भनिरोधक मुद्दे को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना अच्छा कदम माना जा सकता है। मगर खुलकर इसकी पैरवी सरकारी स्तर पर अभी भी नहीं हो पाई है। पाठयक्रम के अंर्तगत विस्तृत कामुकता शिक्षा, कामुकता के ज्ञान, भावनात्मक, शारीरिक और सामाजिक पहलुओं के बारे में पढ़ाने अथवा सीखने का पाठ्यक्रम शामिल है। इसका मकसद बच्चों में ज्ञान, दृष्टिकोण और मूल्यों को समझाना है। यह उनके स्वास्थ्य, सम्मान और कल्याण का अहसास कराने के लिए उन्हें सशक्त बनाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि कामुकता मानव जीवन का अभिन्न अंग है। हालांकि रिश्ते और सेक्स के बारे में युवाओं को वैज्ञानिकता के साथ विकसित करना थोड़ा मुश्किल है। मगर यह भी सच्चाई है कि भ्रमित करने वाली जानकारी या संदेश बचपन से वयस्क होने



तक उनके जीवन मूल्यों को और सहज बना देते हैं। बचपन में घरों के अंदर मां–बाप या बुजुगरे के माध्यम से इस शिक्षा की नींव पडनी चाहिए। फिर स्कूलों में शिक्षकों या गुरुजनों के माध्यम से यौन शिक्षा आधारित यौन शिक्षा ज्ञान का प्रसार होना चाहिए। हालांकि हमारे देश में ऐसे विचारों को लेकर विरोध भी हुए हैं। बुद्धिजीवियों का एक वर्ग इसकी आलोचना करता है, और कहता है कि भारतीय सभ्यता–संस्कृति के लिए यह उपयुक्त नहीं है। सनद रहे कि 2007 में हालांकि भारत सरकार ने किशोर शिक्षा कार्यक्रम की शुरुआत की थी। मगर तब भी अंतरंग संबंधों के बारे में खुलकर बातचीत नहीं हुई। स्थिति यह है कि आज भी हम बगैर शर्म या हिंचक के श्सेक्सत्र शब्द भी बोल नहीं सकते। मगर युवाओं में उनके शरीर में होने वाले परिवर्तनों की जानकारी के लिए भी यह शिक्षा जरूरी है। इसकी पैरवी करने वाले, विरोध करने वालों से ज्यादा हैं। आज लड़कियों के मासिक धर्मचक्र के बारे में उन्हें समझाने की जरूरत है। सेक्स के बारे में जागरूकता इसलिए भी जरूरी है कि गर्भधारण के समय एचआईवी, एड्स जैसी बीमारियों से कैसे बचाव किया जाए, उन्हें पता होनी चाहिए या उन्हें निरोधक सामग्री खरीदने में शर्म महसूस न हो, इसलिए भी यह शिक्षा जरूरी है। विशेषज्ञों के मुताबिक रेप या जबरदस्ती वाले शारीरिक संबंधों को समाप्त करने के लिए इस शिक्षा को महत्त्वपूर्ण माना गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अध्ययन के मुताबिक ज्यादातर बच्चे आज इस तरह की शिक्षा के अभाव में यौन उत्पीडन के शिकार हो रहे हैं। समाज में यौन उत्पीडन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यौन अपराध बढ़ रहे हैं। भारत में आज भी यौन शिक्षा को लेकर खुलकर चर्चा नहीं हो रही है। इसे सार्वजनिक बोलचाल में आज भी भारी झिझक एवं बेचौनी के साथ प्रस्तुत किया जाता है। विरोध में तर्क है कि कामुकता के बारे में शिक्षा निजी मामला है, और यह भारतीय संस्कृति के खिलाफ जाती है। यह किशोरों को अनैतिकता और स्वच्छता की ओर ले जाती है, इसलिए सरकार को किसी भी रूप में इस शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने का सुझाव नहीं दिया गया। हालांकि भारत की हालिया नई शिक्षा नीति में इसे लेकर कुछ मामूली तब्दीली जरूर हुई है। इससे हमारे समाज का कितना भला होगा, कहना मुश्किल है। लेकिन हम दावे के साथ कह सकते हैं कि हमारी सामाजिक सोच के स्तर में भी इस विषय को लेकर बदलाव आया है, और बात श्गुड टच और बैड टचत्र से आगे निकली है। इससे हमारे देश के बच्चों में यौन शिक्षा के प्रति जागरूकता आएगी और हमारे युवाओं की सोच में बदलाव आएगा। जाहिर है कि इससे देश भी बदलेगा।



# Indian batsmen को पार करनी होगी मिचेल की चुनौती, फोकस सूर्यकुमार पर

चेन्नई। मिचेल स्टार्क की अगुवाई में आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की चुनौती का सामना करने के लिये भारतीय बल्लेबाजों को बुधवार को तीसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और नजरें सूर्यकुमार यादव पर लगी होंगी। स्टार्क यदि बल्लेबाजों के लिये सिरदर्द बना हुआ है तो मिशेल मार्श ने भारतीय गेंदबाजों की नींदें उड़ा रखी हैं। दो मैचों में वह करीब एक दर्जन छक्के लगा चुके हैं। भारतीय टीम का सबसे पहला एजेंडा 'मिचेल द्वय चुनौती' से पार पाना होगा। श्रृंखला इस समय 1 . 1 से बराबर है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव की सितारा चौकड़ी को स्टार्क का सामना करने के लिये अपने पूरे अनुभव का उपयोग करना होगा। तकनीक में बदलाव के साथ मानसिक मजबूती के साथ भारतीय बल्लेबाजों को खेलना होगा। भारत में सीमित ओवरों का क्रिकेट सपाट पिचों पर खेला जाता है जिन पर बहुत अधिक फुटवर्क की जरूरत नहीं होती। फ्रंटफुट पर खेलकर बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। लेकिन स्टार्क ने सारे समीकरण बदल दिये। उनकी गेंद या तो मिडिल स्टम्प पर पड़ रही है या लेग मिडिल की तरफ। भारतीय बल्लेबाज पिछले दोनों मैचों में उसकी गेंदों की थाह पाने में नाकाम रहे। मुंबई में स्टार्क को पिच से मदद मिली तो विशाखापत्तनम समुद्र के किनारे होने से हवा में नमी थी। चेपॉक पर काफी समय बाद अंतरराष्ट्रीय मैच हो रहा है और नयी पिच पर सभी का ध्यान है। आम तौर पर चेपॉक पर धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच होती है और बीच के ओवरों में रन बनाना मुश्किल होता है।



इस बार हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स की ताकत को ध्यान में रखकर पिच बनाई गई है और शुरूआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। पिछले दोनों मैचों में सूर्यकुमार यादव खाता भी नहीं खोल सके जबकि टी20 क्रिकेट में वह जबर्दस्त फॉर्म में चल रहे थे। टीम में श्रेयस अय्यर नहीं है और सूर्य के पास वनडे विश्व कप के लिये टीम में जगह पक्की करने का यह सुनहरा मौका है लेकिन वह इसके साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं। कप्तान रोहित ने पिछले मैच के बाद कहा था ,'' हमने देखा है कि वह वनडे में भी अच्छा खेल सकता है। उसे भी यह पता है। मेरा मानना है कि क्षमतावान खिलाड़ियों को कभी यह नहीं लगना चाहिये कि उन्हें पर्याप्त मौके नहीं मिले।'' उन्होंने कहा ,'' सूर्य पिछले दोनों मैचों में नहीं चल सका लेकिन उसे लगातार मौके देने की जरूरत है ताकि वह सहज महसूस कर सके।'' भारतीय गेंदबाजों को पिछले दो मैचों में 47 ओवर (36 और 11) ही डालने पड़े। मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज चाहेंगे कि टॉस जीतने पर रोहित गेंदबाजी करें। देखना यह है कि शार्दुल ठाकुर या जयदेव उनादकट को मौका मिलता है या रविंद्र जडेजा के साथ कुलदीप यादव और अक्षर पटेल दोनों खेलते हैं। टीमें : भारतः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, लोकेश राहुल(विकेटकीपर), ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शारदुल ठाकुर , अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट। ऑस्ट्रेलियारू स्टीव स्मिथ (कप्तान), डेविड वार्नर, ट्रेविस हेड, मार्नुस लाबुशेन, मिशेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस, एलेक्स कैरी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, जोश इंग्लिस, सीन एबॉट, एश्टन एगर, मिशेल स्टार्क, नाथन एलिस, एडम जम्पा। मैच दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

# बढ़ती जा रही है इमरान की मुसीबत, समर्थक ही बढ़ा रहे मुश्किल, दर्ज कानूनी मामलों की संख्या 80 तक पहुंची

तोशखाना मामले में इस्लामाबाद न्यायिक परिसर में सुनवाई के दौरान उनके समर्थकों द्वारा की गई हिंसा के बाद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अधिक कानूनी मामले बढ़ते जा रहे हैं। अब तक कुल मामलों की संख्या 80 हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के सदस्यों के खिलाफ इस्लामाबाद के गोला शरीफ पुलिस स्टेशन में सरकारी वाहनों को आग लगाने, पुलिस अधिकारियों पर हमला करने और उनके आधिकारिक हथियार छीनने का मामला दर्ज किया गया है।

न्यायिक परिसर में न्यायाधीशों के सामने पेश होने के लिए इस्लामाबाद जाने के तुरंत बाद पंजाब पुलिस ने लाहौर के जमान पार्क में खान के आवास पर छापा मारा था। पंजाब के कार्यवाहक सूचना मंत्री आमिर मीर ने जबरन और अवैध ऑपरेशन के पीटीआई के दावों को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया कि अधिकारियों ने सर्च वारंट प्राप्त करने के बाद निकासी अभियान चलाया। हमने क्लीयरेंस ऑपरेशन किया। घर के आसपास रेत के सैकड़ों बोरे लगे हुए थे। आमिर मीर ने कहा कि हमने परिसर से अवैध हथियार, पेट्रोल बम, धनुष और कंचे के गोले बरामद किए, जिनका इस्तेमाल पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों पर हमला करने के लिए किया जा रहा था। इमरान खान के घर और उसके आसपास के क्षेत्र को हथियारबंद लोगों द्वारा अवैध रूप से पहरा देने के कारण नो–गो क्षेत्र में बदल दिया गया था। हम इसकी इजाजत नहीं दे सकते। हमारे दर्जनों पुलिस अधिकारियों पर आवास के अंदर और आसपास मौजूद बदमाशों ने हमला किया, उन पर हमला किया और उन्हें घायल कर दिया। हालिया रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बल इस्लामाबाद से पीटीआई के 17 से अधिक कार्यकर्ताओं को पहले ही घेर चुके हैं और पार्टी के कई नेताओं के आवासों पर छापा मार चुके हैं।



## रानी रामपाल के नाम पर स्टेडियम, यह सम्मान पाने वाली पहली महिला खिलाड़ी

नयी दिल्ली। भारतीय हॉकी स्टार रानी रामपाल के नाम पर




रायबरेली में स्टेडियम बनाया गया है और यह सम्मान पाने वाली वह पहली महिला खिलाड़ी बन गई। एमसीएफ रायबरेली का नाम अब ' रानीस गर्ल्स हॉकी टर्फ' रखा गया है। रानी ने सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें साझा की जिसमें उन्हें खिलाड़ियों से बात करते और स्टेडियम का उद्घाटन करते देखा जा सकता है। रानी ने ट्वीट किया ,'' अपनी खुशी मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। एमसीएफ रायबरेली हॉकी स्टेडियम का नाम खेल में मेरे योगदान को देखते हुए रानीस गर्ल्स हॉकी टर्फ रखा गया है।'' उसने कहा ,'' मेरे लिये यह भावुक और गर्व करने वाला पल है। अपने नाम पर हॉकी स्टेडियम वाली मैं पहली महिला हॉकी खिलाड़ी हूं। मैं इसे भारतीय महिला हॉकी टीम को समर्पित करती हूं और उम्मीद करती हूं कि यह अगली पीढी को प्रेरित करेगा।'' रानी ने इस साल की शुरूआत में भारतीय टीम में वापसी की। इससे पहल उन्होंने 2021 . 22 में एफआईएच प्रो लीग खेला था जिसमें उन्होंने 250 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किये। तोक्यो ओलंपिक के बाद से चोटों से जूझ रही रानी विश्व कप और राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में नहीं थी।

## कोरोना की उत्पत्ति पर कई सवाल, अमेरिका अब सार्वजनिक करेगा खुफिया रिपोर्ट, चीन से बढ़ सकता है तनाव!

कोरोना वायरस कहां से आया, कब आया और कैसे आया।



इन सवालों का जब भी जिक्र होता है तो नजर चीन पर जाकर टिकती है। अब इसको लेकर अमेरिका खुफिया जानकारी को सार्वजनकि करने की तैयारी में है। व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए है। कोरोनो वायरस की उत्पत्ति से संबंधित जानकारी को सार्वजनिक करने की आवश्यकता है, जो कि कोविड–19 का कारण बनता है। बाइडेन ने कहा कि उन्होंने कोविड–19 की उत्पत्ति के बारे में अधिक से अधिक जानकारी जारी करने के कांग्रेस के लक्ष्य को साझा किया। बाइडेन ने एक बयान में कहा कि इस कानून को लागू करने में मेरा प्रशासन राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाली जानकारी के प्रकटीकरण से बचाने के लिए मेरे संवैधानिक अधिकार के अनुरूप, यथासंभव अधिक से अधिक जानकारी को सार्वजनिक और साझा करेगा। व्हाइट हाउस भेजे जाने से पहले विधेयक बिना किसी विरोध के सीनेट और प्रतिनिधि सभा के माध्यम से रवाना हुआ। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया कि अमेरिकी ऊर्जा विभाग ने आकलन किया था कि चीनी प्रयोगशाला रिसाव से महामारी की संभावना पैदा हुई थी। बता दें कि अमेरिका को आशंका है कि कोरोना की शुरुात चीन की वुहान की लैब से हुई। हालांकि चीन द्वारा इससे इनकार किया जाता रहा है। विभाग ने एक वर्गीकृत खुफिया रिपोर्ट में ष्कम आत्मविश्वासष के साथ अपना फैसला सुनाया। एफबीआई ने यह भी आकलन किया है कि महामारी की उत्पत्ति एक प्रयोगशाला रिसाव से हुई है। चार अन्य अमेरिकी एजेंसियां अभी भी निर्णय लेती हैं कि कोविड–19 प्राकृतिक संचरण का परिणाम था, जबकि दो अनिर्णीत हैं।

## ट्रंप का हनी–मनी कांड, क्या है पोर्न स्टार से जुड़ा मामला

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी गिरफ्तारी की आशंका जाहिर की है। सोशल



मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने लिखा है कि वो मंगलवार को गिरफ्तार हो सकते हैं। इसके साथ ही पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से अपने समर्थकों से प्रदर्शन करने की अपील भी की है। पहली बार किसी अमेरिकी राष्ट्रपति पर पोर्न एक्ट्रेस से अफेयर और करोड़ों के गिफ्ट के पैसों को हड़पने का इल्जाम लगा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि 24 घंटे में ट्रंप की गिरफ्तारी हो सकती है। जो शख्स कभी अमेरिका की सबसे ताकतवर कुर्सी पर काबिज रहा है। जो शख्स पांच सालों तक अंतरराष्ट्रीय राजनीति की धुरी रहा हो। आज वही किरदार संगीन आरोपों के साए में है।

क्या है पूरा मामला : पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर 2016 के राष्ट्रपति अभियान के दौरान पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को कथित रूप से छुपाए गए पैसे के भुगतान को कवर करने के लिए कानून के तहत आरोप लगाया जा सकता है। सोमवार देर रात या बुधवार को ग्रैंड ज्यूरी द्वारा ट्रंप पर अभियोग लगाए जाने की उम्मीद है। ट्रंप ने 18 मार्च को अपने समर्थकों से विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया था और दावा किया था कि उन्हें मंगलवार को गिरफ्तार किए जाने की ष्उम्मीदष है।

ट्रंप पर क्या हैं आरोपः साल 2017 में पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स ने मीडिया के सामने आकर कहा था कि साल 2006 में डोनाल्ड ट्रंप और उनके बीच अफेयर था। इस बात की भनक ट्रंप की टीम को लग गई थी। उनके वकील माइकल कोहेन ने स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप रहने के लिए 1 लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था। डेनियल्स को पैसे का भुगतान करना अवैध नहीं था, बल्कि ये जिस माध्यम से किया गया था वो अवैध था। ट्रंप के वकील ने गुपचुप तरीके से ये डेनियल्स को दी थी।

क्या ट्रंप को गिरफ्तार किया जा सकता है?

यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रम्प पर आरोप क्या होंगे, लेकिन रिपोर्ट्स का अनुमान है कि यह दुष्कर्म की श्रेणी में आएगा, जिसे एक मामूली अपराध के रूप में देखा जाता है। लेकिन एक राज्य चुनाव कानून का इस्तेमाल यह बताने के लिए भी किया जा सकता है कि अभियान के लिए धन का दुरुपयोग कैसे किया गया।

## अच्छे खिलाड़ियों को खोने से टीम संयोजन बिगड़ा : मिताली राज

मुंबई। गुजरात जाइंट्स की मेंटोर मिताली राज और मुख्य कोच रशेल हैंस ने टीम क महिला प्रीमियर लीग से बाहर होने के बाद कहा कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही प्रमुख खिलाड़ियों को खोने से टीम संयोजन बिगड़ा। कप्तान और आस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी पहले ही दिन चोटिल हो गई और बाकी मैच नहीं खेल सकी। मिताली ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा ,'' हमारी टीम अच्छी थी लेकिन नतीजे हमारे पक्ष में नहीं रहे। हमने प्रमुख खिलाड़ियों को शुरू में गंवा दिया जिससे टीम संयोजन बिगड़ गया। इसके बावजूद टीम ने जीत की ललक दिखाई।'' अपने आखिरी मैच में यूपी वारियर्स से हारकर गुजरात जाइंट्स बाहर हो गई। वहीं हैंस ने कहा ,'' इतनी शानदार टीम के मुख्य कोच के रूप में मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। हमने कठिन पल देखे लेकिन टीम ने जुझारू प्रदर्शन किया। हम इस टूर्नामेंट से सकारात्मक चीजें लेकर जायेंगे।




## यूएनएससी की 15 सदस्यीय परिषद की बैठक, उत्तर कोरिया को लेकर आपस में क्यों भिड़े अमेरिका और चीन-रूस?

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। बैठक के दौरान



अमेरिका और चीन–रूस उत्तर कोरिया के मुद्दे पर भिड़ गए। रअसल उत्तर कोरिया ने हाल के समय में दर्जनों बैलेस्टिक मिसाइलें और परमाणु हथियार विकसित कर लिए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान इस बात पर बहस की कि उत्तर कोरिया के दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च और परमाणु हथियार कार्यक्रम के विकास के लिए किसे दोषी ठहराया जाए। प्योंगयांग ने अपनी सबसे बड़ी ह्वासोंग–17 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण के बारे में जो दावे किए उसको लेकर 15 सदस्यीय परिषद की बैठक हुई। उत्तर कोरिया 2006 से अपने मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के अधीन है।

चीन और रूस ने प्योंगयांग को भड़काने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण कोरिया द्वारा संयुक्त सैन्य अभ्यास को दोषी ठहराया, जबकि वाशिंगटन ने बीजिंग और मास्को पर उत्तर कोरिया को अधिक प्रतिबंधों से बचाने के लिए उकसाने का आरोप लगाया। संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बैठक में कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ष्उन विभाजनों पर गहराई से चिंतित हैं, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इस मामले पर कार्रवाई करने से रोका है।

रूस के उप संयुक्त राष्ट्र राजदूत अन्ना एवेस्टिग्निवा ने अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सैन्य गतिविधि को ष्अभूतपूर्वष बताया, जबकि चीन के उप संयुक्त राष्ट्र राजदूत गेंग शुआंग ने सवाल किया कि क्या वे रक्षात्मक अभ्यास थे और उन्हें तनाव बढ़ाने के लिए दोषी ठहराया। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस–ग्रीनफील्ड ने अपने औपचारिक नाम, डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया।

# Asia Cup 2023: शाहिद अफरीदी पीएम मोदी से की खास अपील, कहा– प्लीज दोनों देशों के बीच क्रिकेट होने दें



भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते खराब बने हुए हैं। खराब रिश्तों की वजह से तमाम चीजों पर असर पड़ा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला भी नहीं हो रही है। भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट टीम आईसीसी के टूर्नामेंटों में आपस में भिड़ते हैं। हालांकि, दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड के बीच एशिया कप को लेकर विवाद जारी है। दरअसल, इस बार का एशिया कप पाकिस्तान में होना था। लेकिन बीसीसीआई ने साफ तौर पर कह दिया है कि टीम इंडिया पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। बीसीसीआई ने इसको लेकर सुरक्षा का हवाला दिया है। अब इसी पर पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी रहे शाहिद अफरीदी का बयान सामने आया है। शाहिद अफरीदी ने मजाकिया भरे लहजे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह भी किया है। उन्होंने कहा कि मोदी साहब क्रिकेट होने दो।

दोहा में लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के मौके पर अफरीदी ने कहा कि मैं मोदी साहब से दोनों देशों के बीच क्रिकेट होने देने का अनुरोध करूंगा। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने आगे दावा किया कि भारत के पास ष्बहुत मजबूतष क्रिकेट बोर्ड है। इसलिए बीसीसीआई को ष्अधिक जिम्मेदारीष लेनी चाहिए और दो क्रिकेट देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए काम करना चाहिए। भारत और पाकिस्तान ने आखिरी बार टी20 विश्व कप 2022 में मुकाबला किया था और एशिया कप में एक–दूसरे का सामना करने वाले हैं। लेकिन आयोजन स्थल को लेकर टूर्नामेंट का भविष्य अधर में है। दरअसल, भारतीय टीम पाकिस्तान जाने को तैयार नहीं और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अपने देश में टूर्नामेंट की मेजबानी करने पर तुली हुई है। अफरीदी ने कहा कि बीसीसीआई काफी मजबूत बोर्ड है लेकिन उसे श्दुश्मनश बनाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, बल्कि श्दोस्तश बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हम किसी से दोस्ती करना चाहते हैं और वह हमसे बात नहीं करता है तो हम क्या कर सकते हैं? ष्अगर हम किसी से दोस्ती करना चाहते हैं और वह हमसे बात नहीं करता है तो हम क्या कर सकते हैं? जब आप अधिक दोस्त बनाते हैं, तो आप मजबूत हो जाते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या पीसीबी एक श्कमजोर बोर्डश है, अफरीदी ने कहा कि उन्हें ऐसा नहीं लगता। मैं कमजोर नहीं कहूंगा, लेकिन कुछ जवाब सामने (बीसीसीआई) से भी आए।

# नशीली दवा की खेप के साथ युवक गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। भारत– नेपाल के सोनौली बॉर्डर पर स्थित मेडिकल स्टोर की दुकानों की जांच एवं नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस, एसएसबी एवं ड्रग्स विभाग की टीम के संयुक्त जांच में एक व्यक्ति के पास से नशीली दवाओं की एक खेप बरामद कर उसे गिरफ्तार करने का दावा ने किया है। खबरों के मुताबिक भारत–नेपाल सीमा पर चल रहे मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम जहां सीमा पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ सोमवार की शाम को चौकी प्रभारी सोनौली अंकित सिंह एसएसबी के निरीक्षक ड्रग्स विभाग की टीम के साथ भारत–नेपाल के सोनौली कस्बे में स्थित कुछ संदिग्ध मेडिकल स्टोर की जांच किया और एक दुकान से नशे की दवाओं की एक खेप बरामद किया। नशे की दवाओं के कारोबार करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक के विरुद्ध सोनौली पुलिस ने धारा 08ध्21ध 23 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया है। इस संबंध में प्रभारी कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह ने बताया कि सरफराज खान निवासी सुकरौली सोनौली को गिरफ्तार कर एनडीपीएस में चालान किया गया है।




# नवागत क्षेत्राधिकारी गोला अजय कुमार सिंह ने सम्भाला कार्यभार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार,गोरखपुर। गोला तहसील परिसर के स्थित सी ओ कार्यालय पर सोमवार को नवागत सी ओ अजय कुमार सिंह पहुच कर बिधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। श्री सिंह मुख्य रूप से अयोध्या जनपद के सदर तहसील के मूल निवासी है। और 1990 बैच के है। गोरखपुर जनपद में गैर जनपद से स्थानांतरण होकर आए श्री सिंह कैंट के सी ओ पद पर रहे। उसके बाद सी ओ कैम्पियरगंज बनाये गए। वहां से श्री सिंह को मंदिर सुरक्षा की जिम्मेदारी सौपी गयी। मंदिर पर अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन कर रहे थे कि जिला पुलिस मुखिया डा गौरव ग्रोवर ने श्री सिंह का स्थानांतरण सी ओ गोला पद पर कर दिया। सोमवार को सी ओ गोला कार्यालय पर पहुच करश्री सिंह ने बिधिवत कार्य भार ग्रहण करते हुए एक बिशेष भेंट बार्ता के दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताया कि मेरी अधिकांश सेवा पश्चिम साइड में रहा है। हम जहाँ भी तैनात थे ।वहां अपनी कार्यशैली से लोगो के ऊपर एकअलग छाप छोड़ा है। पीड़ितों को बिधि सम्मत न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता में हैं। अराजक तत्वो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। मेरा दरवाजा पीड़ितों के लिए हमेशा खुला है।अपनी पीड़ा स्वयं आकर बतावे। मामले की जांच कर न्याय मिलेगा। वैसे पुलिस बिभाग में लंबी सेवा होने के कारण श्री सिंह तेज तर्रार अधिकारियों की श्रेणी में है। साथ ही सुलझे अधिकारी है। निवर्तमान सी ओ जगतराम कन्नौजिया के स्थानांतरण होने के बाद गोला सर्किल की जिम्मेदारी श्री सिंह को मिली है।



# पचपन साल बाद लौटे गांव फफक पड़े आंसू रच दिया इतिहास

### मां समय चालीसा लिख कर पांच हजार पुस्तक ग्रामीणों को दिया उपहार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला,गोरखपुर। सच्ची मानवता की पहचान उसके पहलुओं से होती है जिस फल की प्राप्ति उसे मिलता है। फिल्मों में अपने अजब और गजब कहानी सुने है एक सच्ची घटना गोला तहसील क्षेत्र के गगहा ब्लाक अंतर्गत कौवाडील गांव के रमेश चंद्र शर्मा की है जो बीते ५४ साल बाद अपने पैतृक गांव पर आए और गांव को देखकर पुरानी यादों को सोच कर उनकी आंखों में आंसू भर आए वहीं ग्रामीणों के आंखों मैं आंसू ममता की झलक उठी बताते चलें कौवाडील गांव निवासी रमेश चंद्र शर्मा स्वर्गीय जगन्नाथ शर्मा के पुत्र हैं जो बीते ५४ साल पहले गांव से प्रवासी हो चुके थे उन्हें अपने गांव की मां समय माता की याद हमेशा आती जिनकी याद में मां समय चालीसा की रचना कर इतिहास रचा है ग्रामीणों ने रमेश चंद शर्मा को फूल मालाओं से स्वागत कर नृत्य गीत का आयोजन किया तथा सभी लोगों को मुंह मीठा कराया पत्रकार वार्ता में रमेश चंद शर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से मुझे अपने गांव के एक व्यक्ति वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल भट्ट जी से वार्तालाप हुआ जिन से बातचीत करने के दौरान मैं भावुक हो गया जिनके प्रेरणा से मैं अपने पैतृक गांव आया आगे कहा एक अच्छी पुस्तक हजारों अच्छे मित्रों के समान होती है इसी सच्ची भक्ति के साथ मां समय चालीसा की रचना कर लोगों में उपहार दिया। इस अवसर पर महेंद्र नाथ शर्मा कन्हैया उर्फ अवनी शर्मा संतोष शर्मा बाबा बालक दास नवीन शर्मा पप्पू शर्मा विनायक शर्मा सुशील आनंद शर्मा सोनू शर्मा रवि प्रकाश शिवम शर्मा अमला भट्ट विनोद शर्मा आलोक भट्ट जनार्दन शर्मा लालचंद जायसवाल झुनू आशीष भट्ट सभी ग्रामीण सहित मौजूद रहे।



# महायोजना फंसी, विकास की रफ्तार पड़ी सुस्त

देवरिया। महायोजना 2031 आपत्तियों के बीच में फंसकर तीन माह लेट हो गई है। इस कारण शहर के विकास की रफ्तार सुस्त पड़ गई है। कंसल्टेंट एजेंसी की लापरवाही के कारण यह योजना धरातल पर नहीं उतर पा रही है। हालत यह है कि इसके पेंच में फंसने के कारण लोगों को भवन का नक्शा पास कराने में भी दिक्कतें आ रही हैं। कई ऐसे क्षेत्र हैं, जो लोग पहले आवास बनाने के लिए ले चुके हैं, वह क्षेत्र अब हरित और कार्मिशयल के रूप में चिह्नित हो गया है। इसके चलते उनके मकान के मानचित्र स्वीकृत होने के पहले ही निरस्त हो जा रहे हैं। विनियमित क्षेत्र की महायोजना–2031 एक जनवरी 2023 को ही लागू हो जानी थी। इसकी खामियों को दूर करने के लिए जून 2022 में आपत्तियां और सुझाव मांगे गए थे। करीब 532 लोगों ने अपनी–अपनी बात रखी है। इस पर जिलाधिकारी की समिति ने नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में आपत्तियों और सुझावों को सुनकर कंसल्टेंट कंपनी स्टेसलिस्ट सिस्टम लिमिटेड कोलकाता को नए तरीके से मानचित्र सहित अन्य कार्य करने के लिए सौंप दिया। पर हालत यह है कि तीन माह का समय बीतने वाला है, लेकिन कंसल्टेंट एजेंसी ने आपत्तियों का निराकरण भी नहीं किया और न ही सुझाव पर विचार किया है।

इसका असर यह है कि शहर में होने वाले विकास कार्य सुस्त पड़ गए हैं। मास्टर प्लान के क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों का नया नक्शा पास नहीं हो पा रहा है। नियत प्राधिकारी कार्यालय में मानचित्र जमा करने वाले जुलाई 2022 से 15 मार्च 2023 तक हर माह 40 से 50 मानचित्र आवेदन को निरस्त किया गया है। करीब चार सौ मानचित्र के आवेदन निरस्त किए गए हैं। वहीं 205 मानचित्र लंबित पड़े हुए हैं। इसके चलते भूमि स्वामी अपना भवन नहीं बना पा रहे हैं।

ये होने हैं विकास

महायोजना में बैतालपुर से रुद्रपुर जाने वाले मार्ग तक और बैतालपुर से कसया मार्ग तक दो बाईपास सड़कों का निर्माण कराया जाना है। साथ ही 34 से अधिक सड़कों का चौड़ीकरण और 45 नई सड़कों का निर्माण, नए पार्कों, आवासीय कॉलोनियां, व्यावसायिक भवन, औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाना है। इसके अलावा जलभराव से निजात दिलाने के लिए प्राकृतिक जल संसाधन जैसे तालाब और पोखरा के विकास, ड्रेनेज, सीवरेज, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान बनाया जाना है।

4.50 लाख शहरी आबादी को ध्यान में रखकर बनाया गया है प्लान

महायोजना 2031 को 4.50 लाख शहर की आबादी का ख्याल करते हुए बनाया गया है। इसमें करीब साढ़े चार हजार हेक्टेयर भू–क्षेत्र चिह्नित किया गया है। विकसित क्षेत्र का दायरा बढ़कर इस समय शहर के पास स्थित 71 राजस्व गांवों को भी शामिल किया गया है। ऐसे कई क्षेत्र जहां पर, हरित क्षेत्र, व्यावसायिक, गोदाम और अन्य कार्य के लिए भूमि के उपयोग का प्रस्ताव है। इन जगहों पर पहले से भूमि लेने वालों के सामने अब नई मुसीबत खड़ी हो गई है।

# मेडिकल कॉलेज:पर्ची काउंटर पर भीड़ से मरीजों को नहीं मिल पा रही दवा

### पर्ची कटवाने और डॉक्टर को दिखाने में मरीजों का घंटों समय हो रहा बर्बाद

देवरिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने और दवा लेने में मरीजों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। मरीजों का पर्ची कटवाने और डॉक्टर को दिखाने में ओपीडी का आधा समय निकल जा रहा है। जबकि डिजिटल एक्स–रे कराने में चार घंटे लग जा रहे हैं। इससे दवा काउंटर बंद होने से मरीजों को बिना दवा लिए ही लौट जाना पड़ रहा है। वहीं विलंब से पहुंचे लोगों को दूसरे दिन आना पड़ रहा है। खड़े–खड़े मरीजों व तीमारदारों के पैर थक जा रहे हैं। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीजों की भीड़ रही। विभिन्न क्षेत्रों सहित बिहार के सीमावर्ती गांव के 2426 लोगों ने इलाज कराया। सुबह 11.32 बजे पर्ची के चार काउंटर पर लंबी कतार रही। महिलाओं की दो लाइन में 59 व 54 लोग बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। एक पर्ची बनाने में तीन से चार मिनट का समय लग रहा था। एक मरीज को करीब दो घंटे खड़ा रहना पड़ा। पर्ची काउंटर पर भीड़ होने के कारण डॉक्टर को दिखाने में विलंब होने से दवा काउंटर बंद हो गया। जिससे 10 लोगों को बिना लिए लौट जाना पड़ा। वहीं पुरुष की दो में से एक कतार में 61 लोग खड़े थे। उन्हें करीब तीन घंटे लगा। इस दौरान देरी होने के कारण 15 लोगों को दवा नहीं मिल सकी। 11.43 बजे मेडिसिन विभाग में भी दो लाइन लगी थी। यहां भी मरीजों को तीन घंटे इंतजार करना पड़ा।

# छोटे परिवार से आएगी घर में खुशहाली–डॉ. केपी सिंह

### खुशहाल परिवार दिवस पर दिया गया परिवार नियोजन का सदेश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

महराजगंज। सदर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पर आयोजित



खुशहाल परिवार दिवस पर लोगों को परिवार नियोजन का संदेश दिया गया। सीएचसी के अधीक्षक डॉ.केपी सिंह ने चार लाभार्थियों को उनकी पसंद के अनुसार परिवार नियोजन सामग्री उपलब्ध करवाया। हर माह 21 तारीख को मनाए जाने वाले खुशहाल परिवार दिवस के अवसर पर इस मंगलवार को भी जिले में परिवार नियोजन सम्बंधित काउंसिलिंग एवं परामर्श गोपनीयता के साथ दिया गया। इस अवसर पर सदर सीएचसी पर आयोजिति कार्यक्रम में वहां के अधीक्षक ने कहा कि घर में खुशहाली के लिए परिवार छोटा रखने की जरूरत है। इसके लिए कई तरहके साधन उपलब्ध हैं। बस जरूरत है बॉस्केट आफ च्वायस के आधार पर मनपसंद साधन चुनने की। उन्होंने कहा कि नवविवाहित दंपति परिवार में नए सदस्य को लाने में जल्दीबाजी न करें। शादी के बाद कम से कम दो साल के अंतराल पर ही बच्चे की प्लानिंग करें। साथ ही एक से दूसरे बच्चे जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर रखें। इसके लिए अस्थायी साधनों का प्रयोग करें। यदि किसी का परिवार पूरा हो गया हो तो वह स्थायी साधन नसबंदी की सेवा अपना सकते हैं। इस अवसर पर ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक सूर्य प्रताप सिंह, डीईओ धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, सबनम बानो, पूजा, प्रियंका और शमसुल प्रमुख तौर पर मौजूद रहे। सभी साधन उपलब्ध हैं बीपीएम सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि सीएचसी पर परिवार नियोजन के सभी साधन उपलब्ध हैं। खुशहाल परिवार दिवस के अलावा भी अन्य कार्य दिवसों पर लाभार्थियों को साधन उपलब्ध कराए जाते हैं। नसबंदी की सेवा निर्धारित सेवा दिवसों पर उपलब्ध कराई जाती है। हर माह की 21 तारीख को दिवस का आयोजन सीएचसी पर किया जा रहा है। प्रत्येक बुधवार और शनिवार को छाया ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण दिवस पर आयोजित (छाया वीएचएसएनडी) पर परिवार नियोजन के कुछ अस्थायी साधन उपलब्ध कराए जाते हैं। परिवार नियोजन के लिए मिली माला–एन सदर ब्लॉक की लाभार्थी राधिका (25) ने बताया कि वह करीब चार साल से परिवार नियोजन के लिए बाजार से लाकर गोली का प्रयोग कर रहीं थीं। इस बार सीएचसी से माला एन की गोली मिली है। अब तक परिवार नियोजन के साधन का प्रयोग करने से कोई दिक्कत नहीं हुई है।

# रासेयो के तहत स्वयं सेवकों ने स्वच्छता का दिया संदेश

### राष्ट्र निर्माण व समाज सेवा में रासेयो की भूमिका अहम-आनंद शंकर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भिटौली,महराजगंज। पंडित काशी प्रसाद दीक्षित शिक्षण एवं प्रशिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की ए पे जे अब्दुल कलाम इकाई का सात दिवसीय शिविर का आयोजन शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय पकड़ी दीक्षित के परिसर में किया गया। पहले दिन की शुरुआत मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख परतावल आनंद शंकर वर्मा, विशिष्ट अतिथि सरस्वती विद्या मंदिर परतावल के प्रबंधक दुर्गा दत्त पांडेय व सूर्य प्रकाश शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। पहले दिन स्वयं सेवकों ने प्राथमिक विद्यालय पकड़ी दीक्षित और मंदिर तथा कुएं की साफ सफाई की। मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्र निर्माण व समाज सेवा में रासेयो की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि साफ–सफाई एवं स्वच्छता को लेकर समाज में अलख जगाने का जो कार्य रासेयो द्वारा किया जा रहा है, वह बहुत ही प्रशंसनीय है। प्राचार्य डा.अजय कुमार दूबे ने स्वयं सेवियों को शिविर के उद्देश्यों और लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी। एनएसएस अधिकारी धर्मेंद्र पटेल ने शिविर में सात दिनों तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान स्वयं सेवियों ने लक्ष्य गान और स्वच्छता कार्यक्रम से शिविर की शुरुआत कर। कार्यक्रम का संचालन सुशील शुक्ल ने किया। कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र पटेल, एस के शुक्ला,आशीष गिरी, हैपी सिंह, अभिनव सिंह, अमित यादव, अजय यादव, राजेंद्र कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।






# साधना से भौतिक सुख एवम साधनो की होती है प्राप्ति:राघव ऋषि जी महाराज

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार। जीव यदि तन्मय होकर लक्ष्मीनारायण भगवान की साधना करता है तो उसे सभी भौतिक सुखों व साधनों की प्राप्ति होती है। यह उदगार गोला उपनगर के एक लॉन में आयोजित संगीत मयी सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में वाराणसी से पधारे कथावाचक पूज्य राघव ऋषि जी ने कहा। आगे उन्होंने कहा कि वेद के ऋचायें कन्या बनकर प्रभु सेवा करने आई थी। कर्मकाण्ड जिसमे अस्सी हजार मन्त्र जो ब्रह्मचारी के लिए है। उपासनाकाण्ड, इसके सोलह हजार मन्त्र जो गृहस्थ के लिए हैं। भगवान ने सोलह हजार उपासना रूपी वेद की ऋचाओं से विवाह किया। धर्म की मर्यादा में रहकर अर्थोपार्जन एवं गृहस्थ धर्म का पालन करना हैं। गृहस्थ आश्रम धर्म का वर्णन वेद के 16 हजार मन्त्रों में किया गया सो कृष्ण की सोलह हजार रानियाँ कही गई हैं। वेदमंत्रों को भौमासुर ने कारागृह में रखा था। भौम का अर्थ है शरीर। शारीरिक सुख में ही रमा रहे–वह है भौमासुर। विलासी जीव ही भौमासुर है। धर्म की मर्यादा में रहकर गृहस्थ जीवन व अर्थोपार्जन करना चाहिए। सुदामा चरित्र की व्याख्या करते हुए पूज्य ऋषि जी ने कहा कि सुदामा अर्थात सुन्दर रस्सी में बँधा हुआ। माता–पिता,भाई,पत्नी, पुत्र आदि दस रस्सियों में जीवरूपी सुदामा बँधा हैं। सुदामा जी गरीब थे। जी भगवान को देता नहीं वह गरीब होता हैं शंकराचार्य जी ने कहा हैं–भवति दरिद्रो यस्य तृष्णा विशाला–जिसकी इच्छाएँ बहुत ज्यादा हैं। वह दरिद्र हैं। ईश्वर ने हमें तीन चीजे दी हैं–तन, मन, धन जो भगवान को नहीं देता वह दरिद्र होता हैं दरिद्र होकर वह पाप करता हैं और पाप के प्रभाव से नरक में जाता हैं फिर और पाप करता हैं और दरिद्र होता हैं। इस दरिद्रता के दुष्चक्र से बाहर आना हैं तो भगवान के निमित्त दान करो–दान दिया संग लाया, खाया पिया अंग लगा। बाकि बचा सो अंग लगा। इतिहास उदाहरणों से भरा हुआ हैं। सुदामा ज्ञानी थे। आजकल ज्ञान केवल अर्थोपार्जन का माध्यम रह गया हैं। ज्ञान का फल धन या प्रष्ठिता नहीं,परमात्मा से मिलना हैं सुदामा की पत्नी सुशीला महान पतिवर्ता थी। गरीब पति कि निष्ठा से सेवा करने वाली पत्नी सुशीला। पति–पत्नी साथ–साथ रहकर प्रभु सेवा करते रहें तो ऐसा गृहस्थ आश्रम सन्यास से भी श्रेष्ठ कहा गया हैं। भगवान की सेवा,पूजा माध्यम हैं परन्तु लक्ष्य परमात्मा से मिलना हैं। इसके लिए जीवन में साधना आवश्यक हैं। सुशीला के आग्रह पर साधना रूपी तंदुल (चिवड़ा} पोटली में लेकर सुदामा जी द्वारका की ओर प्रस्थान किए। दुर्बलता के कारण उन्हें मूर्छा आ गई। भगवान ने सोते हुए सुदामा को गरुड़ के माध्यम से द्वारका में पहुँचाया। जीव यदि दो कदम प्रभु के लिए आगे बढ़े तो भगवान सौ कदम आगे बढ़ते हैं। इस अवसर पर सौरभ ऋषि ने अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो....भजन सुनाया तो लोग मन्त्रमुग्ध हो गए। भगवान मनुष्य के वस्त्र या धन नहीं अपितु हृदय निर्मल देखते हैं। सिंघासन पर बिठाकर भगवान ने अपने आँसुओ से सुदामा के चरणों को धोया। गरीब होना अपराध नहीं हैं परन्तु गरीबी में प्रभु को भूल जाना अपराध हैं। सुदामा पोटली को संकोचवश छुपा रहें थे। भगवान मन में हॅसते हैं की इसने उस दिन चने छुपाए थे और आज तंदुल। जो मुझे देता नहीं–उसे मैं भी कुछ नहीं देता। भगवान ने तंदुल का प्राशन कर समस्त विश्व को अन्नदान का पुण्य सुदामा को दिया। सुदामा ने ललाट पर विधाता ने लिखा था–श्री क्षय अर्थात दरिद्र होगा इसे तिलक लगाते हुए भगवान ने उल्टा किया यक्ष श्री बन गया अर्थात कुबेर जैसी सम्पत्ति सुदामा की विदाई करते हुए भगवान, रुक्मिणी व रानियों के आँखों में आँसू आ गए। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह के आँखों में भी आँसू आ गए। सुदामा प्रसंग की भव्य झांकी कथास्थल पर सुदामा प्रसंग की भव्य झांकी सजाई गई। पूज्य राघव ऋषि जी ने कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा की परमात्मा जीव मात्र के निस्वार्थ मित्र हैं। जीव का परम् कर्तव्य हैं भगवान की सेवा व साधना करे। जीव जब ईश्वर से प्रेम करता हैं तब ईश्वर जीव को भी सरीखा बना देते हैं। निष्काम कर्म को पाप जला देता हैं। इच्छा भक्ति में विघ्न करती हैं–इच्छा ही जीव के पुनर्जन्म का कारण हैं। जीव को माया ने पकड़ रखा हैं। जो परमात्मा की जय–जयकार करता हैं वह माया के बंधन से मुक्त हो जाता हैं। परीक्षित मोक्ष की चर्चा करते हुए ऋषि जी ने कहा कि परीक्षित रूपी जीव तभी मुक्त होता हैं।



जब शुकदेव रूपी गुरु मिलते हैं। प्रभु ने विचार करने के लिए ही पवित्र मन दिया हैं। पवित्र विचार करने से ही मन शुद्ध होता हैं। भगवान के लीलाओं का चिन्तन करने से मन पवित्र हो जाता हैं और जीव व ब्रह्म का मिलन होता हैं। सौरभ ऋषि जी ने सांवरियो हैं सेठ म्हारी राधाजी सेठानी भजन गया तो पूरे पाण्डाल में लोग हर्षतिरेक होकर नृत्य करने लगे। कथा के अंत में समिति के शत्रुघ्न कसौधन, मनोज उमर वैश्य, राकेश गुप्ता, संजय गुप्ता, कस्तूरी जायसवाल, सुशील सोनकर, अजय मोदनवाल सहित अनेक गणमान्य भक्तों ने प्रभु की भव्य आरती किया इस अवसर पर नगर पंचायत गोला वासियों के साथ साथ क्षेत्र से भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त गणो ने पहुंच कर कथा का रसपान किया।

# मुख्य विकास अधिकारी अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति की बैठक की गयी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में आज जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक की गयी, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया गया कि आधार एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है, इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है, इसलिए इसका अपडेटेड होना जरूरी और लाभदायक है, अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभप्राप्त करने में बहुत आसानी होती, आधार की एक विशेषता है कि आप इसे आसानी से अपडेट करा सकते हैं, विशेश तौर पर अपना पता और मोबाइल नंबर हमेशा अपडेट रखें। इस सन्दर्भ में निवासियों को सलाह दी जाती है कि अगर आपको आधार बने हुए 10 साल या उससे अधिक हो गए हैं, तो अपना आधार अपडेट जरूर करायें। आधार अपडेट के लिए अपने पता एवं पहान का वैध प्रमाण लेकर अपने नजदीकी आधार केंद्र आए और अपना आधार अपडेट करायें, इसके लिए निर्धारित शुल्क 50 रूपये है, आप अपना आधार दो प्रकार से अपडेट करा सकते हैं, 1 से आप पते एवं पहान का वैध प्रमाण अपलोड कर सकते हैं, जिसके निर्धारित शुल्क 25 रूपये है, 2– अपने नजदीकी आधार केंद्र पर जाकर आप अपने आधार में अपडेट करा सकते हैं, जिसके लिए शुल्क 50 रूपये है, अपने नजदीकी आधार केंद्र का पता जानने के लिए .पद पर लॉग इन करें, आधार आधार भुवन पोर्टल ंकींत के माध्यम से भी अपने नजदीकी आधार केंद्र की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सोनभद्र में आधार नामांकन और अपडेट करने के लिए लगभग 132 आधार नामांकन और अपडेट मशीन कार्यरत हैं, इन आधार नामांकन और अपडेट मशीनों ने पिछले एक महीने के दौरान लगभग 6 हजार नए आधार नामांकन और लगभग 15 हजार आधार अपडेट किए हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में बच्चों के शत–प्रतिशत आधार नामांकन के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी सदर रमेश कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र, लीड बैंक प्रबन्धक इलाहाबाद बैंक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डाक सर्वेक्षक, सहायक प्रबन्धक इण्डिया पोस्ट पेमेण्ट्स, जिला समन्वयक सी0एस0सी0, सहायक प्रबन्धक, यू0आई0डी0ए0आई0 , संयोजक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## आयोजित यूथ–20 प्रतियोगिताओं मे कु.शिवानी सिंह एवं अर्पित देव पांडेय करेंगे जनपद का प्रतिनिधित्व

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। भारत सरकार द्वारा यूथ –20 कार्यक्रम के अंतर्गत यूथ – 20 का आयोजन किया जा रहा है । इसका मुख्य उद्देश्य देशभर के युवाओं को एक साथ लाना और बेहतर कल के लिए विचारों पर चर्चा करना तथा भविष्य के कार्यों के लिए एक एजेंडा तैयार करना है। भारत की अध्यक्षता के दौरान यूथ – 20 द्वारा की जाने वाली गतिविधियां वैश्विक युवा नेतृत्व एवं साझेदारी पर केंद्रित होंगी। 20–20 का आधिकारिक युवा समूह है। यह एक मंच प्रदान करता है जो युवाओं को 20 प्राथमिकताओं पर अपनी दृष्टि व विचार व्यक्त करने की अनुमति देता है।–20 शिखर सम्मेलन के माध्यम से देशभर के विभिन्न महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों से चयनित युवाओं द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिए गए विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में दिनांक 24 मार्च 2023 को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में ष्हेल्थ वेल बीइंग एंड स्पोर्ट्स एजेंडा फॉर यूथ थीम पर –20 के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं जिसमे उत्तर प्रदेश के 75 जिलों के कुल 150 युवा प्रतिभागी (75 युवा तथा 75 युवतियां) प्रतिभाग करेंगी, मे सोनभद्र जनपद का प्रतिनिधित्व करने हेतु राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा सोनभद्र की बी ए . तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी शिवानी सिंह एवं बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र अर्पित देव पांडेय का चयन हुआ है। उक्त जानकारी श्री अनिल कुमार सिंह उपनिदेशक ओएसडी नेहरू युवा केंद्र सोनभद्र द्वारा प्रदान की गई है। शिवानी सिंह एवं अर्पित देव पांडे के चयन से महाविद्यालय के छात्र –छात्राओं में खुशी की लहर है तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.)प्रमोद कुमार जी ने दोनों ही प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए राज्य स्तर पर भी सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी है। ज्ञातव्य है कि उक्त कार्यक्रम का आयोजन एवं नियोजन युवा कल्याण एवं खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल के दिशा निर्देशन में किया जा रहा है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ श्री राम कथा का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बीजपुर/सोनभद्र। स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा



बीजपुर के टोला पुनर्वास प्रथम के बेड़िया हनुमान मंदिर के समीप बने माँ दुधईया देवी मंदिर परिसर में चालू माह मार्च 2023 के 21 तारीख से 31 तारीख तक आयोजित किए जाने वाले श्री राम जन्मोत्सव व श्री राम कथा का शुभारंभ मंगलवार की सुबह भव्य कलश यात्रा से किया गया। कलश यात्रा में शामिल महिलाओं ने एकरंगी परिधान में अपने शिर पर कलश रखकर मंदिर परिसर से विधि–विधान से पूजा–अर्चना के उपरांत कलश में जल भरने के लिए रिहंद जलाशय के लिए निकली। पुनः जलाशय से कलश को जल से परिपूर्ण करने के पश्चात मंदिर परिसर वापस लौटी। जहां पंडित ने वेदमंत्रों के उच्चारण के बीच कलश को यथोचित स्थान पर रखवाया। बेड़िया हनुमान मंदिर के महंत बाबा मदन गोपाल दास जी महराज ने बताया कि यह आयोजन समस्त भक्तगण श्री राम कथा आयोजन बीजपुर के तत्वावधान में संपादित किया जाएगा। जिसमे क्षेत्र व अन्य भक्तगणों का सहयोग है। आयोजन का शुभारंभ कलश यात्रा से किया गया है। अगली कड़ी में 22 तारीख से 30 तारीख तक सायं 4 बजे से 7 बजे तक माँ दुधईया मंदिर परिसर में अन्नपूर्णा मंदिर रामकृष्ण आश्रम लदरूही हिमांचल प्रदेश से पधारे अंतरराष्ट्रीय श्री राम कथा प्रवक्ता राम मोहन दास जी रामायणी के द्वारा श्री राम कथा का वाचन किया जाएगा। 30 तारीख को ही पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे से अपराह्न साढ़े बारह बजे तक श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 31 तारीख को दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक महाभण्डारा के साथ किया जाएगा। कलश यात्रा में मुख्यरूप से सुदर्शन महराज, अन्य संतगण, ग्राम प्रधानगण के साथ–साथ काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए बीजपुर थाना के वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

**बुद्ध का संदेश**
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
**स्व. के.सी. शर्मा**
सम्पादक
**राजेश कुमार शर्मा**

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## सरकार की मंशा गाँव के गरीब में पावर आये, कैबिनेट मंत्री

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। राष्ट्रीय अध्यक्ष, निषाद पार्टी एवं कैबिनेट मंत्री ( मत्स्य विभाग) उ०प्र० डॉ संजय कुमार निषाद के अनपरा बीना के रामलीला मैदान, में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव के गरीब के हाथ में पावर आये, आज हमारी सरकार सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार की नीति है कि गाँव के गरीब के साथ साथ हर धर्म और वर्ग का विकास है, श्री निषाद ने बताया कि जिस मछुआ समाज की तरक्की के लिए केंद्र और प्रदेश की सरकार सराहनीय कार्य कर रही है, पिछले बजट में 20 हजार करोड़ ब्लू रेवोल्यूशन के नाम पर मछुआ समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्राविधान किया है और बीते दिन में पास हुए बजट में मछुआ समाज के लिए 6 हजार करोड़ रुपये का प्राविधान कर मछुआ समाज को विकास के क्रम में आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। निषाद जी आगामी चौत्र शुक्ल पंचमी 26 मार्च को निषाद राज जयंती पर आजमगढ़ की जनता से प्रभु श्री राम के आत्मबल सखा निषाद राज गुह्य जी के जन्मोत्सव पर भारी से भारी संख्या में पहुँचने की अपील करते हुए त्रेता में भगवान राम और निषाद राज के मिलन को भी जनता के साथ रखा, मा0 मंत्री जी ने बताया कि स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभू श्री राम जी के आत्मबल सखा महाराजा गुह्य राज निषाद जी की मिलन स्थली व अद्भुत किले श्रृंगवेरपुर धाम को पर्यटक स्थल घोषित किया जा चुका है। भगवान श्री राम एवं महाराज गुह्य राज जी के 56 फूट की गले लगी मूर्ति लगवाने का कार्य भी सरकार कर रही है। निषाद राज जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कर मछुआ समाज का मान बढ़ाया जा रहा है। मा0 मंत्री जी ने अपने विभाग से संबंधित बजट के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत होल सेल फिश मार्केट के लिये 257 करोड़ 50 लाख की व्यवस्था प्रस्तावित है, मुख्य मंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत 10 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है, निषादराज बोट सब्सिडी योजना हेतु 5 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है। निषाद ने बताया कि प्रदेश सरकार 22–2023 वित्त वर्ष में सभी मछुआरों को मत्स्य पालक कल्याण कोष से निम्न मदों में सहायता प्रदान की जा रही है। (क) मत्स्य पालकध्मछुआरा बाहुल्य ग्रामों में अवसंरचनात्मक (बारात घर) सुविधाओं की स्थापना, जिसमें सामुदायिक भवन का निर्माण भी सम्मिलित है। दैवीय आपदाओं से हुई किसी क्षति की स्थिति में मत्स्य पालकध्मछुआरा परिवार को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि वैवाहिक सहायता, शिक्षा हेतु सहायता (कोचिंग, कौशल उन्नयन, छात्रवृत्ति आदि), चिकित्सा सहायता, वृद्धावस्था सहायता, केन्द्र सरकारध्राज्य सरकार द्वारा निर्धारित क्षेत्रफल एवं धनराशि के अनुसार एकल आवास सहित मछुआ आवास निर्माण सहायता की भी अनुज्ञा प्रदान की जायेगी,उच्च तकनीकी ज्ञान प्रदान करने, अन्तर्राज्यीय भ्रमण, दक्षता विकास प्रदर्शनी और सेमिनारों के लिए मत्स्य पालकोंध्मछुआरों के प्रशिक्षणध्भ्रमण पर कुल कोष का दो प्रतिशत तक व्यय, मत्स्य पालकध्मछुआ परिवारों की महिलाओं को सशक्त करना,मछली पकड़ने के जालध्उपकरणों की सुविधा की व्यवस्था करना और मछली विक्रय हेतु मोपेड आइस बाक्स आदि उपलब्ध कराना, मत्स्य सम्बन्धी अल्पकालिक तथा दीर्घकालिक बैंक ऋणध्मत्स्य पालक क्रेडिट कार्ड हेतु ब्याज पर आर्थिक सहायता, आर्थिक सहायता की दरें उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के विनिश्चय के अनुसार होगी, जल जीव पालन सम्बन्धी गतिविधियों हेतु विद्युत पर राज्य–सहायता आदि की व्यवस्था है। इस वित्तीय वर्ष 2022–23 में बहुत ही कम समय शेष रहने के कारण मत्स्य पालक कल्याण कोष के अन्तर्गत प्रथम चरण में निम्न 05 कार्यक्रमोंध्परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जायेगा, जिस हेतु दिशा–निर्देश निर्गत किये जा रहे हैं, मत्स्य पालकध्मछुआरा बाहुल्य ग्रामों में ऐसी अवसंरचनात्मक सुविधाओं की स्थापना, जिसमें सामुदायिक भवन का निर्माण भी सम्मिलित है, दैवीय आपदाओं से हुई किसी क्षति की स्थिति में मत्स्य पालकध्मछुआरा परिवार को वित्तीय सहायता का उपबंध कराना,चिकित्सा सहायता, केन्द्र सरकारध्राज्य सरकार द्वारा निर्धारित क्षेत्रफल एवं धनराशि के अनुसार एकल आवास सहित मछुआ आवास निर्माण सहायता की भी अनुज्ञा प्रदान की जाएगी, उच्च तकनीकी ज्ञान प्रदान करने, अन्तर्राज्यीय भ्रमण, दक्षता विकास प्रदर्शनी और सेमिनारों के लिए मत्स्य पालकोंध्मछुआरों के प्रशिक्षणध्भ्रमण पर कुल कोष का दो प्रतिशत तक व्यय मछुआ कल्याण कोष से दिया जाएगा। मंत्री ने बताया ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार मछुआ समाज के सर्वांगीण विकास के लिए उचित कदम उठा रही है।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

## आईजी आर.के.भारद्वाज की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत ढाबा, होटल,



बस स्टैंड आदि संवेदनशील स्थानों में रात्रि पैदल गस्त व चेकिंग की जाए। हिस्ट्रीशीटरों एवं जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगाह रखी जाए, परिक्षेत्र के थाना क्षेत्रों में संदिग्ध स्थान चिन्हित कर वाहन चेकिंग की जाए साथ ही बैंक एवं एटीएम आदि के आसपास चेकिंग की जाए, महिला संबंधित अपराधों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण करवाया जाए, पशु तस्करों के विरूद्ध गोवध अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए, पूर्व से लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्वक शीघ्र निस्तारण किया जाए, एसडीएम एवं क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया जाए, गुंडा एक्ट, जी सीआरपीसी, गैंगस्टर की कार्यवाही की जाए, नवरात्रि, रामनवमी एवं रमजान की तैयारियों की समीक्षा कर लिया जाए तथा पीस कमेटी के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित कर लिया जाय, फरियादियों की समस्याओं को नम्रता पूर्वक सुनकर भरोसा दिलाकर उसकी समस्याओं का निस्तारण किया जाए, वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए, वाहन चेकिंग के दौरान महिलाओं के प्रति नरमी बरती जाए, सर्राफा बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए, ग्राम चौकीदारों की थानान्तर्गत रिक्तियों की पूर्ति की जाय, 14 (1) की कार्यवाही करने में कार्यवाही की प्रक्रिया कम समय में निर्णय लिया जाय, 117 की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाय, माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाय। बैठक में एसपी बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी, एसपी संतकबीरनगर सत्यजीत कुमार गुप्ता, एसपी सिद्धार्थनगर, अमित कुमार आनंद व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। आई0टी0आई0 कालेज राबर्ट्सगंज में कार्यालय



उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र सोनभद्र द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना वर्ष–2022–23 के द्वितीय चरण के कुल 500 (दर्जी–350, बढ़ई–50,नाई–25,लोहार–25, हलवाई–50) लाभार्थियों का 06 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि री अजीत रावत, ब्लाक प्रमुख राबर्ट्सगंज रहें। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ निखिल यादव, उप जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट , जी0एस0 यादव नोडल प्राधानाचार्य रा0 आई0टी0आई0, दुद्धी आर0पी0 गौतम उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र , यदुवेन्द्र नाथ प्रधानाचार्य रा0 आई0टी0आई0 राबर्ट्सगंज तथा प्रशिक्षणदायी संस्था उत्तर प्रदेश डिजाईन एवं शोध संस्थान, लखनऊ से आये हुए मास्टर क्राफ्टसमैनध्डिजाइनर अमरदीप पाण्डेय, नीरज कुशवाहा, श्री शशिकान्त नाग, एवं रागनी पाण्डेय की उपस्थिति में किया गया। 06 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में लाभार्थियों को उनके ट्रेड से सम्बन्धित टूलकिट तथा 1 हजार 500 की धनराशि की धनराशि प्रति लाभार्थी के खाते में मानदेय के रूप में प्रशिक्षणदायी संस्था उत्तर प्रदेश डिजाईन एवं शोध संस्थान, लखनऊ द्वारा प्रेषित किया जायेगा।

## नवरात्रि व रमजान पर्व को लेकर शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा/सोनभद्र। स्थानीय थाना परिसर मे मंगलवार को



क्षेत्राधिकारी अमित कुमार घोरावल की अध्यक्षता में क्षेत्र के सम्भ्रांतजनो के साथ आगामी त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए पीस कमेटी बैठक की गई। क्षेत्रधिकारी ने कहा कि चौत्र नवरात्रि, रामनवमी त्यौहार व रमजान माह का पर्व एक साथ हो रहा है इस धार्मिक पर्व को सद्भावना व भाई चारे के साथ मनाए अगर कही कोई अवांक्षनिय तत्वो द्वारा अशांति फैलाने की हरकत करे तो तत्काल सूचना पुलिस को दे जिससे तत्कालिक प्रभाव से नियंत्रण कर सके।मीटिंग में उपस्थित ग्राम प्रधान व सम्भ्रांतजनो से विस्तृत रूप से जानकारी ली। राम कथा व रामजन्मोत्सव के होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली तथा सुरक्षा के प्रति पूरा भरोसा दिया।कहा की हमारी फोर्स चक्रमण करती रहेगी अगर कही कोई परेशानी समझ मे आए तत्काल सूचना दे।दोनों समुदाय के लोगो से इस पवित्र माह के धार्मिक अनुष्ठान को श्रद्धा,भक्ति के साथ मनाने की अपील की।इस मौके पर थाना निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह उपनिरीक्षक बिमलेश सिंह, रूपेश सिंह सहित संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## शोक सभा का आयोजन, दी गयी श्रद्धांजलि

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। वरिष्ठ अधिवक्ता और जिला कॉग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा के



पिता देवानंद मिश्रा के निधन पर जिला कॉग्रेस कमेटी कार्यालय पर शोक सभा कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस दौरान कॉग्रेस प्रवक्ता शत्रु जय मिश्रा ने कहा कि कॉग्रेस नेता जगदीश मिश्रा के पिता के निधन से कॉग्रेस परिवार मे शोक की लहर दौड़ गई, इस घटना से सभी दुखी हैं, देवानंद मिश्रा काफी समय तक कचहरी मे अधिवक्ता के तौर पर आम लोगों की मदद किया, उनका जाना हम सभी के लिए दुखदाई है। उक्त मौके पर गोपाल पाठक, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, राजेश द्विवेदी, आशु द्विवेदी, प्रमोद पांडे, शनि शुक्ला, देवेन्द्र गुप्ता, रामानन्द पांडे, कन्हैया पांडे, अरविंद सिंह, धीरज पांडे अमित चौबे, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मां दुर्गा की पूजा का श्रेष्ठ समय है नवरात्र

नवरात्र हिंदू धर्म ग्रंथ एवं पुराणों के अनुसार माता भगवती की आराधना का श्रेष्ठ समय होता है। भारत में नवरात्र का पर्व एक ऐसा पर्व है जो हमारी संस्कृति में महिलाओं के गरिमामय स्थान को दर्शाता है। वर्ष में चार नवरात्र चौत्र, आषाढ़, आश्विन और माघ महीने की शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक नौ दिन के होते हैं, परंतु प्रसिद्धि में चौत्र और आश्विन के नवरात्र ही मुख्य माने जाते हैं। इनमें भी देवीभक्त आश्विन के नवरात्र अधिक करते हैं। इनको यथाक्रम वासंती और शारदीय नवरात्र भी कहते हैं। इनका आरंभ क्रमशः चौत्र और आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से होता है३

चौत्र या वासंती नवरात्रः चौत्र या वासंती नवरात्र का प्रारंभ चौत्र मास शुक्ल पक्ष की प्रतिप्रदा से होता है। चौत्र में आने वाले नवरात्र में अपने कुल देवी–देवताओं की पूजा का विशेष प्रावधान माना गया है। वैसे दोनों ही नवरात्र मनाए जाते हैं, फिर भी इस नवरात्र को कुल देवी–देवताओं के पूजन की दृष्टि से विशेष माना जाता है। आज के भागमभाग के युग में अधिकांश लोग अपने कुल देवी–देवताओं को भूलते जा रहे हैं। कुछ लोग समयाभाव के कारण भी पूजा–पाठ में कम ध्यान दे पाते हैं। जबकि इस ओर ध्यान देकर आने वाली अनजान मुसीबतों से बचा जा सकता है। ये कोई अंधविश्वास नहीं बल्कि शाश्वत सत्य है।

नौ देवियांः नौ दिन यानी हिंदी माह चौत्र और आश्विन के शुक्ल पक्ष की पड़वा यानी पहली तिथि से नौवीं तिथि तक प्रत्येक दिन की एक देवी मतलब नौ द्वार वाले दुर्ग के भीतर रहने वाली जीवनी शक्ति रूपी दुर्गा के नौ रूप हैं रू शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी व सिद्धिदात्री।

पुराणों में नवरात्रः मान्यता है कि नवरात्र में महाशक्ति की पूजा कर श्रीराम ने अपनी खोई हुई शक्ति पाई, इसलिए इस

समय आदिशक्ति की आराधना मार्कंडेय पुराण के अनुसार दुर्गा समय शक्ति–पूजा को महापूजा दुर्गा की स्तुति, सुमधुर घंटियों



पर विशेष बल दिया गया है। सप्तशती में स्वयं भगवती ने इस बताया है। कलश स्थापना, देवी की आवाज, धूप–बत्तियों की सुगंध

ा दृ यह नौ दिनों तक चलने वाले साधना पर्व नवरात्र का चित्रण है। कन्या पूजनः अष्टमी और नवमी दोनों ही दिन कन्या पूजन और लोंगड़ा पूजन किया जा सकता है। अतरू श्रद्धापूर्वक कन्या पूजन करना चाहिए। सर्वप्रथम मां जगदंबा के सभी नौ स्वरूपों का स्मरण करते हुए घर में प्रवेश करते ही कन्याओं के पांव धोएं। इसके बाद उन्हें उचित आसन पर बैठाकर उनके हाथ में मौली बांधें और माथे पर बिंदी लगाएं। उनकी थाली में हलवा–पूरी और चने परोसें। अब अपनी पूजा की थाली जिसमें दो पूरी और हलवा–चने रखे हुए हैं, के चारों ओर हलवा और चना भी रखें। बीच में आटे से बने एक दीपक को शुद्ध घी से जलाएं। कन्या पूजन के बाद सभी कन्याओं को अपनी थाली में से यही प्रसाद खाने को दें। अब कन्याओं को उचित उपहार तथा कुछ राशि भी भेंट में दें। जय माता दी कहकर उनके चरण छुएं और उनके प्रस्थान के बाद स्वयं प्रसाद खाने से पहले पूरे घर में खेत्री के पास रखे कुंभ का जल सारे घर में बरसाएं। नवरात्र कथाः पौराणिक कथानुसार प्राचीन काल में दुर्गम नामक राक्षस ने कठोर तपस्या कर ब्रह्मा जी को प्रसन्न कर लिया। उनसे वरदान लेने के बाद चारों वेद व पुराणों को कब्जे में लेकर कहीं छिपा दिया, जिस कारण पूरे संसार में वैदिक कर्म बंद हो गया। इस वजह से चारों ओर घोर अकाल पड़ गया। पेड़–पौधे व नदी–नाले सूखने लगे। चारों ओर हाहाकार मच गया। जीव–जंतु मरने लगे। सृष्टि का विनाश होने लगा। सृष्टि को बचाने के लिए देवताओं ने व्रत रखकर नौ दिन तक मां जगदंबा की आराधना की और माता से सृष्टि को बचाने की विनती की। तब मां भगवती व असुर दुर्गम के बीच घमासान युद्ध हुआ। मां भगवती ने दुर्गम का वध कर देवताओं को निर्भय कर दिया। तभी से नवदुर्गा तथा नव व्रत का शुभारंभ हुआ।

## बैकलेस ड्रेस में टैटू फ्लॉन्ट करते हुए अवनीत कौर ने गिराई हुस्न की बिजलियां

टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर काफी समय से लगातार अपनी तस्वीरें शेयर करने में लगी हुई हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल



होने लगी हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर की लेटेस्ट तस्वीरों ने एक बार फिर से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। अवनीत कौर हमेशा अपनी हॉटनेस का जादू फैंस के बीच चलाती रहती हैं। उनका हर एक लुक फैंस के दिलों पर खंजर चलाने का काम करती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस की लेटेस्ट तस्वीरों ने इंटरनेट पर तबाही मचाई हुई है। इन तस्वीरों में अवनीत कौर ने बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है जिसमें उनकी हॉटनेस कहर ढा रही हैं। अवनीत कौर ने इन फोटोज में कैमरे के सामने अपना बैक टैटू फ्लॉन्ट करते हुए हॉट तस्वीरें क्लिक करवाई हैं। बता दें कि एक्ट्रेस का हर लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। हालांकि लोग भी उनकी हर एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। अपने बालों का हाई बन बनाकर एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अवनीत कौर अपने इस लुक में परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर प्रतिक्रियाएं देते हैं।




## मडगांव एक्सप्रेस को लेकर उत्सुक हैं कुणाल खेमू, पहली बार संभाल रहे निर्देशन की कमान



बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू इन दिनों वेब सीरीज पॉप कौन को लेकर सुर्खियों में हैं। फरहाद सामजी के निर्देशन में बनी यह सीरीज हाल ही में डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। अब अभिनेता जल्द ही अपनी कॉमेडी–ड्रामा फिल्म मडगांव एक्सप्रेस से बतौर निर्देशक नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं, जिसको लेकर वह काफी उत्साहित हैं। पिछले महीने फिल्म की शूटिंग भी खत्म हो चुकी है और अब कुणाल ने अपना अनुभव साझा किया है। कुणाल ने बताया कि उन्होंने 2014–15 में मडगांव एक्सप्रेस की पटकथा लिखी थी। उन्होंने कहा, एक अभिनेता के रूप में कई बार होता है जब आपके पास काम नहीं होता है, उस समय या तो आप घूम सकते हैं या सोचते हैं कि क्या करना है। मैंने नई चीजें अपने बारे में जानी जैसे गिटार, बाइकिंग आदि, जो मुझे पसंद हैं। अभिनेता ने बताया कि उन्होंने गो गोवा गॉन के दौरान लिखना शुरू किया। कुणाल ने कहा, मैंने उस अनुभव और विचार का इस्तेमाल किया, जो मेरे पास था। मैंने उन्हें विकसित करना शुरू कर दिया। उस दौरान मैं जिससे गुजर रहा था, उसका सामना करने का यह मेरा तरीका था, जो बहुत बढिया रहा। कुणाल ने बताया कि उन्हें खुशी है कि एक्सेल एंटरटेनमेंट के फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी को उनकी पटकथा अच्छी लगी और उन्होंने फिल्म का निर्माण करने का फैसला किया। कुणाल ने आगे कहा, इतने वर्षों में बहुत से लोग हैं, जिन्होंने इसे दिलचस्प पाया है। मैं इसका निर्देशन करने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं। मैं खुश हूं कि मैंने ये कदम उठाया क्योंकि मैंने अभी तक के काम का आनंद लिया है। बता दें कि मडगांव एक्सप्रेस में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी, नोरा फतेही, उपेंद्र लिमये और छाया कदम शामिल हैं। यह फिल्म साल के अंत तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। सामजी के निर्देशन में बनी वेब सीरीज पॉप कौन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 17 मार्च को रिलीज हो चुकी है। इसमें कुणाल के अलावा राजपाल यादव, सतीश कौशिक, जॉनी लीवर, सौरभ शुक्ला, चंकी पांडे, जेमी लीवर और नूपुर सैनन मुख्य भूमिका में हैं। बता दें कि यह दिवंगत अभिनेता कौशिक का आखिरी वेब शो है। 9 मार्च को दिल्ली में होली पार्टी के बाद अभिनेता का दिल का दौरा पडने से निधन हो गया था। कुणाल ने बतौर बाल कलाकार अपने करियर की शुरुआत की थी। 2005 में कुणाल कलयुग में मुख्य कलाकार के तौर पर नजर आए। अभिनेता गो गोवा गॉन, गोलमाल फ्रेंचाइजी, लूटकेस जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। अब वह बतौर निर्देशक शुरुआत कर रहे हैं।

## एनटीआर 30 की 23 मार्च को मुहूर्त पूजा के साथ शुरु होगी शूटिंग

ऑस्कर फीवर के बाद आरआरआर के एक्टर्स के लिए काम




पर वापस लौटने का समय आ गया है। जूनियर एनटीआर 23 मार्च से एनटीआर 30 की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि फिल्म की मुहूर्त पूजा 23 मार्च, 2023 को हैदराबाद में आयोजित की जाएगी।

जूनियर एनटीआर के फैंस आखिरकार जश्न मना सकते हैं क्योंकि उनका अगला मोस्ट अवेटिड प्रोजेक्ट एनटीआर 30 के मेकर्स ने फिल्म को लेकर अपडेट शेयर किया।

इस खबर को शेयर करते हुए एनटीआर 30 के मेकर्स ने लिखारू स्टॉर्म अलर्ट.. एनटीआर 30 का मुहूर्त पूजा 23 मार्च को.

फिल्म में जाह्नवी कपूर भी हैं और इसका निर्देशन जनता गैराज के निर्देशक कोराताला शिवा करेंगे। पैन–इंडियन रिलीज में अनिरुद्ध रविचंदर का म्यूजिक होगा, जबकि आर. रत्नावेलु कैमरा इंचार्ज होंगे, आर्ट के लिए साबू सिरिल और एडिटिंग के श्रीकर प्रसाद होंगे।

एनटीआर 30 का निर्माण एनटीआर आर्ट्स के हरि कृष्ण के. और युवसुधा आर्ट्स के सुधाकर मिकिलिनेनी द्वारा किया गया है और इसे 5 अप्रैल, 2024 को दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा।

## गर्मियों में अपनी त्वचा का इस तरह से रखें ध्यान, चेहरे पर आएगी चमक



चिलचिलाती गर्मी त्वचा को प्रभावित कर सकती है। इससे टैनिंग, ड्राई पैच, ओवरएक्टिव सिबेसियस ग्लैंड्स, सनबर्न, पिगमेंटेशन, ब्लेमिश और मुंहासें जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए इस मौसम में आपको अपनी त्वचा का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। बदलते मौसम के साथ आपको अपनी त्वचा की देखभाल के उत्पादों और रूटीन को भी अपडेट करने की जरूरत है। आइए आज हम आपको गर्मियों के दौरान त्वचा की देखभाल करने के कुछ तरीके साझा करते हैं।

फेसवॉश को बदलेंः गर्मियों के दौरान जलवायु गर्म और आर्द्र होती है। इस वजह से चेहरा अधिक तेल का उत्पादन करता है, इसलिए आपको अपने फेसवॉश को उसी के अनुसार बदलना होगा। तैलीय त्वचा वालों के लिए गर्मियों में सैलिसिलिक एसिड वाला फोमिंग फेसवॉश का उपयोग करना सही रहेगा। यदि आपकी त्वचा रूखी है तो आपको लालिमा और चकत्ते का अनुभव हो सकता है, इसलिए माइल्ड फेसवॉश का इस्तेमाल करें।ॉ मिश्रित त्वचा वाले जेल–आधारित फेसवॉश का इस्तेमाल कर सकते हैं।

सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना भी है महत्वपूर्णः हर मौसम में सनस्क्रीन लगाना जरूरी है। सनस्क्रीन त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ ही सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से बचाकर रखने में काफी मदद कर सकती है। लाभ के लिए अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार 50 या फिर 30 एसपीएफ युक्त सनस्क्रीन खरीदें और धूप में निकलने से 15 मिनट पहले इसे त्वचा पर लगाएं। अगर आप घर से बाहर हैं तो अपने चेहरे पर हर दो से तीन घंटे बाद सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।

त्वचा को हाइड्रेट रखने की करें कोशिशः गर्मियों में त्वचा को अंदर से हाइड्रेट करने के लिए अपनी त्वचा की देखभाल के दिनचर्या में हायलूरोनिक एसिड और रेटिनॉल से युक्त प्रोडक्ट्स को शामिल करना लाभदायक हो सकता है। ऐसे प्रोडक्ट्स त्वचा की मरम्मत करने, त्वचा को हाइड्रेट, चमक बढ़ाने और मॉइस्चराइज रखने में काफी मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, रोजाना ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं और होममेड फलों के जूस का सेवन करें।

एक्सफोलिएट जरूर करेंः गंदगी, डेड स्किन सेल्स और अन्य अशुद्धियां त्वचा की कोमलता को कम करने और मुंहासों को उभारने का मुख्य कारण मानी जाती हैं, इसलिए इनसे राहत पाना बहुत जरूरी है। इसके लिए त्वचा को एक्सफोलिएट करना बेहतर हो सकता है। हालांकि, अधिक एक्सफोलिएशन त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए हफ्ते में ज्यादा से ज्यादा दो बार ही त्वचा को हल्के हाथों से एक्सफोलिएट करें। इसके लिए आप कॉफी, शहद और चीनी का मिश्रण बनाकर इस्तेमाल कर सकते हैं।

कम मेकअप करेंः गर्मियों के दौरान कम मेकअप करना चाहिए क्योंकि इस मौसम में हैवी मेकअप करने से चेहरे पर दाने या फिर खुजली की समस्या हो सकती है। इसके लिए आप एक मॉइस्चराइजर, एक कंसीलर और एक न्यूड शेड की लिपस्टिक का इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही क्रीम या बहुत अधिक चमकदार चीजों का इस्तेमाल न करें क्योंकि ऐसी चीजें आपको पसीने से तर कर देगीं। इसके अतिरिक्त, अपनी डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर खान–पान की चीजें शामिल करें।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दस महिलाएं सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित

### -सरकार की प्राथमिकता समावेशी विकास, समाज के अंतिम व्यक्तितक पहुंचनाः डा. ममता पाण्डेय

अयोध्या। विभिन्न समाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दस महिलाओं को भाजपा ने सहादतगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय रही। महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समावेशी विकास, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार ने कई योजनाएं दी है। मिशन शक्ति का सकारात्मक असर व्यापक रुप से पड़ा है। गांवों में मजदूर के रुप में काम करने वाली अथवा शिक्षा, व्यापार व खेल व अन्य क्षेत्र में अपनी क्षमता से पूरे विश्व को अवगत कराने वाली पथ प्रदर्शक महिला। सरकार ने सभी के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समाज के लिए विशेष योगदान देने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। इसके लिए भाजपा द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में देश का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन कर रही है। कोविड काल में जनता की सेवा में महिलाएं भी पीछे नहीं रही। मेडिकल स्टाफ, नर्स के रुप में उनके योगदान को कौन भूल सकता है। महानगर अध्यक्ष आशा गौड़ ने कहा कि उज्जवला योजना से लेकर सरकार कई योजनाएं है जो महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाने में सहायक हुई है। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार कटिबद्ध है। इस अवसर पर आरएसएस स्वयंसेवक आभा सिंह, सहायक नगर आयुक्त अंकिता शुक्ला, स्वच्छता मिशन के लिए मंजुला झुनझुनवाला, समाजसेवी भारती सिंह, शिक्षिका डा अनामिका त्रिपाठी, ग्रामीण क्षेत्र में काम करने के लिए समाजसेवी शिवांगी सिंह, सरोज सोनी, योग के लिए सीमा तिवारी, श्यामा सिंगारी व फिजियोथेरेपिस्ट प्रियंका त्रिपाठी को एवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवकाली माया सिंह, करिअप्पा अनीता द्विवेदी, पूरा रुबी सिंह, अयोध्या दया मिश्रा, महानगर महामंत्री प्रतिमा शुक्ला प्रमुख रुप से उपस्थित रही।

# निकाय चुनाव में मिली जी तो हाउस टैक्स ऑफ व वाटर टैक्स करेंगे माफः अनिल प्रजापति

### आम आदमी पार्टी 15 दिनों तक चलाएगी सदस्यता अभियान

अयोध्या। निकाय चुनाव आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी, निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी विजयी होता है तो हम हाउस टैक्स हाफ और वॉटर टैक्स माफ करेंगे साथ ही शहर मे सफाई की उचित व्यवस्था की जाएगी। उक्त बातें प्रेसवार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल प्रतापति ने कहीं।

उन्होंने कहा देश की जनता ने प्रधानमंत्री के चुनाव में नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री के चुनाव में योगी आदित्यनाथ को मौका दिया। क्योंकि निकाय चुनाव का मुख्य मुद्दा साफ सफाई का होता है जिसे झाडू वाले ही कर सकते है हमारा चुनाव चिन्ह ही झाडू है इसलिए हमे पूरा भरोसा है कि इस चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी को मौका देगी। प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिला प्रभारी संजीव निगम ने कहा कि आज देश की जनता अरविंद केजरीवाल के सिद्धांतों से अत्यधिक प्रभावित है और यही कारण है कि दिल्ली की जनता ने तीन बार अरविंद केजरीवाल को चुना क्योंकि उन्हें मुख्यमंत्री केजरीवाल का शिक्षा, स्वास्थ्य , चिकित्सा, यातायात, बिजली–पानी का मॉडल पसंद आया और इन्हीं मुद्दों पर जनता ने पंजाब की कमान भी आम आदमी पार्टी को सौंप दी। जिला प्रभारी संजीव निगम ने आगे बताया कि उत्तर प्रदेश के 762 नगर निकायों में से 633 नगर निकायों में आम आदमी पार्टी ने अपने प्रभारी घोषित कर दिए हैं। जिनमे हमारे जिले अयोध्या में अयोध्या नगर निगम प्रभारी जुल्फकार अली उर्फ सूरज प्रधान को निकाय प्रभारी व रूदौली नगर पालिका में मो अफजल को निकाय प्रभारी तथा नगर पंचायतो में बीकापुर में विनोद कुमार को प्रभारी तथा कुमार गंज में नरेश प्रजापति को निकाय प्रभारी बनाए जा चुके है। इस मौके पर मिल्कीपुर प्रभारी हर्षवर्धन कोरी प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ महासचिव इसराइल घोसी सुनील मौर्या महासचिव इंद्रजीत यादव एडवोकेट संदीप पटेल गुड़िया राईन शारजहां मास्टर आसिफ सिद्दीकी प्रभुनाथ पाल आदि लोग उपस्थित थे।

# किशोर के साथ दुराचार का प्रयास, केस दर्ज

मिल्कीपुर–अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए निकली 13 वर्षीय दलित किशोरी से पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के थाना बल्दीराय के एक गांव का युवक द्वारा छेड़खानी करते हुए दुराचार का प्रयास किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद पीड़ित नाबालिग बालिका के पिता ने कुमारगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार की है। हालांकि बालिका के पिता की तहरीर पर थाना प्रभारी निरीक्षक शिव बालक ने आरोपी युवक के विरुद्ध छेड़खानी एससी एसटी सहित गंभीर आपराधिक धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव के 13 वर्षीय बालिका शौच के लिए जंगल की ओर जा रही थी, उसी बीच पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के थाना बल्दीराय क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बालिका से छेड़छाड़ करने लगा चिल्लाने पर जब गांव के लोग दौड़े तो वह मौके से भागने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों ने उसको पकड़ कर मारा पीटा। घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुंचे युवक के परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहां पर डॉकरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पीड़िता बालिका के पिता ने आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दिया है कि मेरी बेटी जंगल की ओर शौच के लिए जा रही थी, उसी समय पड़ोसी गांव का युवक दुष्कर्म करने के नियत से छेड़छाड़ करने लगे चिल्लाने पर जब लोग दौड़े तो वह भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 504, 354 क, 354 ख आईपीसी एवं 7ध 8 पास्को एक्ट व 3 (2)5 एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस अभी आरोपी युवक को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। प्रभारी निरीक्षक शिव बालक ने बताया कि आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# गोंड समाज का होली मिलन समारोह सम्पन्न

अयोध्या। अखिल भारत वर्षीय गोंड धुरिया पंचायती मंदिर कटरा अयोध्या के तत्वाधान मे गोंड होली मिलन गोंड महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बाबू राम गोंड के अध्यक्षता में स्थान प्रेस क्लब में सम्पन्न हुआ जिसका संचालन महेन्द्र गोंड ने किया होली मिलन गोंड सम्मेलन के रूप मे बदल गया जिसमें मंदिर समिति के अध्यक्ष रमाकांत गोंड ने समाज के आये हुए कार्यक्रम में लोगों को अबीर गुलाल लगाकर और सभी को माला पहना कर स्वागत किया । कार्यक्रम में निषाद राज जयंती के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद, कुश निषाद, अरूण निषाद, अरविंद निषाद, स्नेहलता निषाद व ओपी पासवान एस के रावत ने भी होली मिलन को सम्बोधित किया मंदिर समिति के महामंत्री अशोक गोंड के पी गोंड, राम सागर, जमुना प्रसाद, दल सिंगार, राम मिलन, कंहैया गोंड, चरनदास विश्वास गोंड, राम प्रसाद, काली प्रसाद गोंड, मनोज कुमार, श्याम बाबू, रवि शंकर गोंड ने अबीर गुलाल लगाकर व माला पहनाया महलाओं ने भी चंद्रावती, उर्मिला गोंड, प्रेम मदुलारी, राजकुमारी कौशलया, छाया, कविता, धुरिया ने आई हुई। सभी को अबीर गुलाल लगाकर माला पहनाया अपने अध्यक्षीय भाषण में गोंड समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बाबूराम गोंड ने कहा महारानी दुर्गावती के बताये हुए रास्ते को समाज को अनुसरण करना चाहिए और शैक्षिक, राजनीतिक समाजिक कार्यो में बढ चढकर हिस्सा लेने को कहा। तभी समाज का विकास हो सकता है और बच्चों को पढाने पर जोर दिया जाना चाहिए और अयोध्या में गोंड समाज के मंदिर में सहयोग करने की समाज से अपील की। जिससे मंदिर का सौन्दर्यीकरण हो सके। कौशल्या गोंड ने राधाकृष्ण की झांकी प्रस्तुत की जो सहारानीय एवं मनमोहक कार्यक्रम रहा।

# जब शराब पार्टी के बीच धमकी पुलिस टीम

जौनपुर । नगर के वाजिदपुर तिराहे के निकट स्थित उत्सव मोटल में रात उस समय खलबली मच गयी जब बार बालाओं के नृत्य व शराब पार्टी के बीच पुलिस धमक गयी उस समय संभ्रान्त कहे जाने लोगों का जष्न चल रहा था हैं। वहां खाने पीने का बेहतरीन इन्तजाम के साथ जाम टकराये जा रहे थे और बार बालाये ष्षराब पसोस रही थी। पुलिस ने मौके पर चार युवतियों समेत एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले गयी। पकड़े गए सभी लोगों से पूछताछ की गयी। पुलिस की इस कार्यवाही से होटल में अवैध रूप से षराब पीने पिलाने की चर्चायें होने लगीं। उत्सव मोटल में शराब पार्टी और युवतियों के नृत्य की सूचना मिलने पर सीओ सिटी कुलदीप गुप्ता के नेतृत्व में फोर्स ने छापा मारा। अचानक होटल में पहुँची पुलिस टीम को देखते ही पार्टी में बार बालाओं के नृत्य का आनन्द ले रहे रसूखदार लोगों के होष उड़ गये। पुलिस सभी को थाने लेकर गई। लिखा पढ़ी कर आवश्यक कार्यवाही की गई। हिरासत में ली गई युवतियों में एक विदेशी युवती भी है। संभ्रान्त कहे जाने वाले धन्नासेठ अपनी इज्जत बचाने के लिए जेब हल्की करने में पीछे नहीं रहे। लोगों का कहना है कि षहर के कई ऐसे होटल है जहां देह व्यापार का धन्धा भी खुले आम चलता है। कई बार छापेमारी में युवक और युवतियां पकड़े गये है लेकिन यह आम बात है यह धन्धा किसकी मिली भगत से अनवरत चल रहा है यह जांच का विषय है।

# रेस्टोरेन्ट, मोटल प्रबन्धक पर प्राथमिकी दर्ज

जौनपुर । जिला आबकारी अधिकारी ने अवगत कराया है कि आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उत्सव मोटल एण्ड चटोरी रेस्टोरेन्ट में छापेमारी की गयी, जिसमें रेस्टोरेन्ट प्रबन्धक बृजेश शुक्ला पुत्र हिन्चा प्रसाद शुक्ला नि0– 332 सोबतियाबाग, जार्जटाउन, प्रयागराज द्वारा अशलील नृत्य के दौरान उपस्थित ग्राहकों को शराब परोसीध्पिलायी जा रही थी। उक्त व्यक्ति के कब्जे से 1.5 बोतल ब्राण्ड–ब्लैन्डर्स प्राइड एक्सक्यूजिव प्रीमियम व्हिस्की तथा हाल मे लगे मेजों पर से 06 ब्लैन्डर्स प्राइड की उपभोग किया हुआ खाली बोतल, 04 गोल्फर शाट की उपभोग किया हुआ खाली बोतल, 07 किंगफिशर ब्राण्ड की उपभोग किया हुआ खाली केन बरामद हुआ। क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक अब्दुल कैस द्वारा उक्त बरामदगी के उपरान्त स्थानीय थाना–लाइनबाजार, जौनपुर में उ0प्र0 रेस्टोरेन्ट नियमावली 1952 का नियम–10 सपठित संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम–1910 की धारा 60, 71 में मुकदमा पंजीकृत किया गया। उत्सव मोटल, चटोरी रेस्टोरेन्ट के विरूद्व कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग को पत्र भेजा गया है। आबकारी विभाग द्वारा जिलाधिकारी, की अध्यक्षता में जनपद के विभिन्न रेस्टोरेन्ट संचालकों, होटल मालिकों, मैरेजहाल संचालकों के साथ हुई बैठक में विभिन्न आयोजनों में मदिरा उपभोग के लिए नियमानुसार आन–लाइन प्रक्रिया से निर्धारित शुल्क जमा कर ओकेजनल बार लाइसेंस प्राप्त करने हेतु पूर्व में निर्देशित किया गया था।

# सर्वश्रेष्ठ पोस्टर के लिए प्रशांत श्रीवास्तव पुरस्कृत

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित रज्जू भैया संस्थान के भौतिकी विभाग के शोध छात्र प्रशांत श्रीवास्तव को जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर, मध्य प्रदेश में 16 से 18 मार्च, को आयोजित त्रिदिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस स्टडी ऑफ नेनोमेटेरियल एंड साइंटिफिक डेवलपमेंट इन 21 वीं सेंचुरीष् में सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति के लिए पुरष्कृत किया गया है। प्रशांत श्रीवास्तव को यह पुरस्कार नॉन डिस्ट्रक्टिव विधि से जिंक ऑक्साइड नैनो ट्यूब के ऊपर किए गए शोध कार्य के लिए प्रदान किया गया है। जिंक ऑक्साइड नैनो ट्यूब का अनुप्रयोग इंडस्ट्रीज और मेडिकल के फील्ड में जैविक संवेदक, नेनोमेडिसीन बनाने में इसकी क्षमता को बढ़ाने के लिए किया जाता है। इस कॉन्फ्रेंस में देश भर के विभिन्न आईआईटी, एनआईटी, विश्वविद्यालयों के 150 से अधिक प्रोफेसर्स, वैज्ञानिक और शोधार्थी शामिल हुए थे, जहां सभी कैटेगरी में तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति हेतु पुरस्कृत किया गया। प्रशांत श्रीवास्तव प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया संस्थान के संस्थापक निदेशक और भौतिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार यादव के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। उनकी इस सफलता के लिए कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने बधाई देते हुए कहा कि सभी शिक्षकों और शोधार्थियों को रिसर्च के क्षेत्र में उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो देवराज सिंह, प्रो मानस पाण्डेय, डा0 गिरिधर मिश्र, डॉ0 प्रमोद कुमार, डा सुनील कुमार, डा0 पुनीत धवन, डा0 अजीत सिंह, डा नीरज अवस्थी, डॉ नितेश जायसवाल, डा0 काजल डे, डा0 धीरेंद्र चौधरी, व अन्य शिक्षको ने बधाई दी।

# नवरात्र मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पहली बार किए जायेंगे व्यवस्था

विंध्याचल, मीरजापुर। बुधवार से प्रारंभ होने जा रहा है विंध्याचल में प्रदेश स्तरीय बासंतिक नवरात्र मेला जिसको लेकर शासन और प्रशासन पूरी तरह से दिन रात लगकर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की सुविधा मुहैया कराने में जगह जगह स्थानीय लोगों द्वारा भी इस बार प्रसाद वितरण और शुद्ध पेयजल, शरबत की व्यवस्था किया जा रहा है। वहीं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा पूरी निष्ठा और लगन से मेले की तैयारी में लगी हुई है। यही नहीं जनपद के सभी विभागों और अधिकारियों को भी श्रद्धालुओं की सच्ची सेवा में लगाए गए है। जिसकी भूरि भूरि प्रशंसा भी किया जा रहा है।जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की नई सोच और भक्तों के प्रति सच्ची सेवा भाव का ही देन है जो त्रिकोण करने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक बस लगाया गया और यही नहीं दिव्यांग और वृद्ध जनों के लिए चार इलेक्ट्रॉनिक कार की भी व्यवस्था किया गया है जो भीड़ भाड़ से बचते हुए उन्हें सीधे मां विंध्यवासिनी मंदिर के सीढ़ी तक पहुंचाया जाने की व्यवस्था किया गया है। गंगा महोत्सव इस नवरात्र मेले में गंगा महोत्सव का कार्यक्रम पहली बार रखा गया है।इस महोत्सव में गंगा घाट पर वाराणसी के तर्ज पर गंगा आरती हालांकि वाराणसी के तर्ज पर पक्का घाट पर भी दैनिक आरती किया जाता है लेकिन यह कुछ अलग ही होना है।जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है।जिसमें गंगा के मध्य स्थित रेत पर पटाखे की आतिशबाजी भी किया जाना है। गंगा की बहती धारा में नाव पर ष्जय मां विंध्यवासिनी, मां गंगा आरती मीरजापुर लिखकर कर झालरों से सजाया जाएगा जो एक आकर्षण का केंद्र रहेगा। वहीं रेत पर ध लिखकर दीपक से सजाया जाएगा जो इस नवरात्र में पहली बार किया जा रहा है। यहीं नहीं मां गंगा की धारा की बहती धारा की स्वर से स्वर मिलाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी शिरकत किया जाएगा। इस नवरात्र मेला में सूचना विभाग के नेतृत्व में वृहद कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें नौ दिन नौ देवियों के स्वरूप को देखते हुए कार्यक्रम किया जा रहा है।जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकार शिरकत करने पहुंच रहे हैं। इस नवरात्र मेले में सभी कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया जा रहा है जो नेट के माध्यम से मां विंध्यवासिनी धाम में जाने वाले सभी गालियों के गेट के पास बड़े एल ई डी लगाकर सीधा प्रसारण किया जाएगा जिसमें पंक्ति में खड़े श्रद्धालु कार्यक्रम का लुफ्त उठा सकेंगे। इस नवरात्र मेला में पहली बार महिलाओं के सुविधा को देखते हुए हुए उन्हें स्नान के लिए अलग से बनाए जायेंगे पिंक घाट

# युवती से दुष्कर्म और हत्या में युवक गिरफ्तार

जौनपुर। जिले के थाना मीरगंज व मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने दुष्कर्म कर गला रेतकर की गयी लडकी की हत्या की घटना का अनावरण कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल व अन्य सामान को किया बरामद किया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) षैलेन्द्र सिंह ने बताया कि बीते 17 मार्च को ग्राम असवां में रेलवे पटरी के किनारे स्थित अरहर के खेत में मिली युवती की गला रेत कर हत्या की गयी थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ज्ञात हुआ था कि उक्त युवती की हत्या करने से पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया था । पुलिस टीम के सर्विलांस सेल से मदद लेते हुए व बभनियाँव तिराहे पर मौजूद अभियुक्त प्रीतम कुमार पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ग्राम वीरेसावं थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त मृतका का दूर का रिस्तेदार है, लगभग 02 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था दोनो आपस में शादी करने को भी राजी थे कि इसी बीच कुछ दिन पहले से मृतका की बातचीन किसी अन्य लडके से होने लगी, जिससे अभियुक्त उपरोक्त चिढता था और उसे बार बार मना भी करता था किन्तु मृतका उसकी बात मानने से इंकार कर देती थी । अभियुक्त मृतका को विश्वास में लेकर मोबाईल से वार्ता कर उसको उसके घर से बुलाया व ग्राम असवां में अपने मोटर साइकिल से ले जाकर के प्राथमिक पाठशाला असवां के पास अरहर के खडी फसल के बीच में ले जाकर के सम्बन्ध बनाकर के बेहोश कर ब्लेड से मृतका रुपा के गले पर वार कर हत्या कर बरना नदी भेलखा पुलिया थानाक्षेत्र सरायममरेज जनपद प्रयागराज के पानी में फेक दिया ।

# हाउस टैक्स हॉफ , वाटर टैक्स होगा माफः सूर्य नारायण

जौनपुर ।आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह (मुन्ना) ने कहा कि निकाय चुनाव आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी, निकाय चुनाव में पार्टी का प्रत्याशी विजयी होता है तो हम हाउस टैक्स हाफ और वॉटर टैक्स माफ करेंगे साथ ही शहर मे सफाई की उचित व्यवस्था की जाएगी । उन्होंने कहा आज देश की जनता अरविंद केजरीवाल के सिद्धांतों से अत्यधिक प्रभावित है और यही कारण है कि दिल्ली की जनता ने तीन बार अरविंद केजरीवाल को चुना क्योंकि उन्हें मुख्यमंत्री केजरीवाल का शिक्षा, स्वास्थ्य , चिकित्सा, यातायात, बिजली–पानी का मॉडल पसंद आया और इन्हीं मुद्दों पर जनता ने पंजाब की कमान भी आम आदमी पार्टी को सौंप दी । जिला प्रभारी कैलाश पटेल ने कहा उत्तर प्रदेश के 763 नगर निकायों में से 633 नगर निकायों में आम आदमी पार्टी अपने प्रभारी घोषित कर दिए हैं जिनमे हमारे जिले जौनपुर मे नगर पालिकाओं में नगर प्रभारी, नगर पंचायतो में नगर प्रभारी और नगर निगम की विधानसभा प्रभारी बनाए जा चुके हैं । संचालन जिला महासचिव विनोद कुमार प्रजापति द्वारा किया गया।जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से नियुक्त हुए नगर प्रभारी में सूर्य नारायण सिंह मुन्ना, गालिब सेख, विष्णु श्रीवास्तव, डॉक्टर कमलेश भारती, देवेश सिंह, अतुल कुमार तिवारी, संजय पाल सह प्रभारी, अमरनाथ यादव, राजेंद्र सिंह, विनोद सोनकर, विद्याधर मिश्रा, अमित विश्वकर्मा, राजबहादुर पाल, दिवाकर मौर्या, विनोद यादव, राजेश विश्वाकर्मा, अमित श्रीवास्तव, मनीष सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, सहप्रभारी शैलेंद्र यादव । यह जानकारी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी द्वारा दिया गया।

# जिला योजना में सात अरब 31 करोड़ का अनुमोदन

जौनपुर। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने अवगत कराया कि वर्ष 2022–23 में कुल 07 अरब 31 करोड़ 20 लाख शासन से निर्धारित किया गया है, जिसमें कृषि सेक्टर को परिव्यय धनराशि 32 लाख, गन्ना विकास विभाग में रु0 2.769 लाख, पशुपालन विभाग रु0 581.99 लाख, दुग्ध विकास में रु0 179.37 लाख, वन विभाग में रु0 1429.20 लाख, ग्राम्य विकास में रु0 26367.58 लाख, पंचायती राज में रु0 2020 लाख, लघु सिंचाई में रु0 771.20 लाख, नलकूप विभाग हेतु रु0 301.98 लाख, नेडा में रु0 28.40 लाख, लोक निर्माण विभाग में धनराशि 24700.39 लाख, पर्यावरण विभाग में रु0 4.50 लाख, पर्याटन में रु0 30.00 लाख, बेसिक शिक्षा में रु0 4945.45 लाख, खेलकूद विभाग में रु0 80.00 लाख, प्रोदशिक विकास दल में रु0 131.30 लाख, माध्यमिक शिक्षा में रु0 948 लाख, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग में रु0 205 लाख, होम्योपैथ में रु0 70.68 लाख, आयुर्वेद में रु0 71.00 लाख, नगरीय पेय जल में रु0 497.60 लाख, पिछड़ा वर्ग कल्याण रु0 1353 लाख, समाज कल्याण विभाग में रु0 7527.20 लाख, महिला कल्याण रु0 2353.56 लाख, दिव्यांगजन कल्याण विभाग को रु0 280.50 लाख, अल्पसंख्यक कल्याण में 69.00 लाख, सामुदायिक विकास में 20.00 लाख, प्राविधिक शिक्षा में रु0 28.82 लाख, आई.टी.आई में रु0 185.00 लाख अनुमोदित किया गया। जिला योजना समिति की बैठक में विधायक जगदीश नारायण राय, रमेश मिश्रा, रमेश सिंह, लकी यादव, पंकज पटेल, सदस्य विधानसभा परिषद बृजेश सिंह मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# राम की नगरी में रावण की नही चलेगी चाल

जौनपुर। व्यापार मण्डल जौनपुर द्वारा सद्भावना पुल के समीप होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उदघाटन सपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, कांग्रेस नगर अध्यक्ष हुकुम सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित का कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रख्यात शायर अंसार जौनपुरी ने यहां पर मत बाटो त्रिशूल यहा पर मत बाटो तलवार, राम की नगरी में रावण की नही चलेगी चाल, वही शायर रामिश जौनपुरी ने गालिबो मीर हम नही देगें, अपनी जागीर हम नही देगें, सारा हिन्दोस्तां हमारा है तूमको कश्मीर हम नहीं देगें गीत गाकर स्त्रोताओं में देश के प्रति जज्बात भरने का काम किया। वहीं गिरीश श्रीवास्तव, स्मृति श्रीवास्तव, मोनिश जौनपुरी, मुस्तइन जौनपुरी सहित तमाम शायर व कवियों ने अपनी अपनी प्रस्तुति को पेशकर देश की गंगा जमुनी तहजीब को बनाये रखने पर बल दिया। वही तमाम लोक गायकों ने फगुआ एवं कबीरा पढ़कर आये हुए अतिथियों में जोश भरने का काम किया। जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने कहा कि होली मिलन समारोह व्यापार मण्डल एक सामाजिक आंदोलन के रूप में लेता है जिसे व्यापार मण्डल चरितार्थ कर रहा है। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राज बहादुर यादव, जेपी सिंह, राहुल त्रिपाठी, राजेन्द्र सिंह, महमूदुल हसन, जगमेन्द्र निषाद, संजय कनौजिया, सुनील चौरसिया, विवेक सेठ मोनू, जगन्नाथ मोदनवाल, रत्नाकर चौबे, अशोक बैंकर, सुबाष अग्रहरि, महेन्द्र सिंह प्रमुख, निखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।